वर्ष- 13 अंक - 247
लखनऊ, रविवार 10 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



क्लस्टर-4 की अण्डर-17 की फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ 10

लखनऊ से अवैध बंग्लादेशी हटाए जाएं : महापौर 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,500/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,39,800/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,410/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



# पश्चिम बंगाल का अधिकार शुभेन्दु अधिकारी को

**▸ पश्चिम बंगाल में पहली भाजपा सरकार का गठन, शुभेंदु अधिकारी संग पांच मंत्रियों ने ली शपथ**

**एजेंसी, कोलकाता।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जुझारू नेता शुभेन्दु अधिकारी ने शनिवार को यहां पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार के गठन के साथ राजनीति का एक नया अध्याय शुरु हुआ है और तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्ष के शासन का अंत हो गया है।

छप्पन वर्षीय श्री अधिकारी को राज्यपाल आर एन रवि ने ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड मैदान में आयोजित भव्य समारोह में विशाल जन समूह के समक्ष पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके साथ श्री दिलीप घोष, सुश्री अग्निमित्रा पॉल, श्री अशोक कीर्तनिया, श्री खुदीराम टुडू और श्री निसिथ प्रमाणिक को भी मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और भाजपा तथा उसके नेतृत्ववाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के शासन वाले विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लगातार दो चुनावों में शिकस्त देने वाले श्री अधिकारी को शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया था। उन्नीस सौ पचास के दशक में गठित जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की राजनीतिक विरासत और विचारधारा की वाहक भाजपा पश्चिम बंगाल में 2016 से पहले राजनीतिक हाशिए पर थी। वर्ष 2016 के विधान सभा चुनाव में उसने पहली बार तीन सीटों के साथ अपना खाता खोला था और 2021 के चुनाव में पार्टी ने 77 सीटें जीत कर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा प्राप्त किया।

राज्य में भाजपा के उदय के साथ वर्षों से सत्ता में रहे कांग्रेस और वामपंथी दल हाशिए पर चले गये। शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर कविवर रवींद्र नाथ टैगोर का चित्र लगा हुआ था जिनकी आज जयंती मनायी जा रही है। प्रधानमंत्री ने मंच पर पहुंचते ही उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके बाद श्री अधिकारी ने भी साहित्य के नोबेल से सम्मानित गुरुदेव को श्रद्धांजलि दी।



## सीएम योगी ने शुभेंदु को पहनाया भगवा अंगवस्त्र, मंत्रियों को दी शुभकामनाएं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में शनिवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल की नई सरकार का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले सुवेंदु अधिकारी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं। सीएम योगी ने सुवेंदु अधिकारी को मंच पर भगवा अंगवस्त्र भी पहनाया।

## शपथ ग्रहण समारोह में मोदी ने 98 वर्षीय कार्यकर्ता के पैर छूकर लिया आशीर्वाद



पश्चिम बंगाल के नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भावुक और ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सबसे पुराने और सम्मानित कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार का पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। 98 वर्ष की आयु में भी माखनलाल सरकार स्वतंत्रता के बाद के भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन की जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं। उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान दशकों पुराना है। वर्ष 1952 में जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में भारतीय तिरंगा फहराने के लिए आंदोलन शुरू किया था, तब श्री माखनलाल उनके साथ थे और इसी दौरान उन्हें कश्मीर में गिरफ्तार भी किया गया था। 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद श्री माखनलाल ने पश्चिम दिनाजपुर, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के लिए संगठनात्मक समन्वयक के रूप में कार्यभार संभाला। इसके बाद 1981 से लगातार सात वर्षों तक उन्होंने जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दीं। पार्टी के शुरुआती और संघर्षपूर्ण वर्षों के दौरान उनका यह योगदान आज भी संगठन के लिए मिसाल माना जाता है।

## पश्चिम बंगाल में पहली भाजपा सरकार के गठन को मोदी ने ऐतिहासिक दिन बताया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के गठन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि नौ मई 2026 का दिन इतिहास में ''नई उम्मीद, सम्मान और सुशासन'' के अध्याय के रूप में याद रखा जाएगा। मोदी ने शनिवार को एक्स पोस्ट में सुवेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ को राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि 9 मई 2026 का दिन इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस के रूप में दर्ज होगा। यह दिन नई आशा, गरिमा और सुशासन के नए अध्याय के वादे के साथ हमेशा याद रखा जाएगा। कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में, भाजपा सरकार ने शपथ ग्रहण की। मुझे और मेरे साथ कई अन्य लोगों को इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहली भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह ''पोइला बैसाख'' के अवसर पर और गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के दिन होना ''सुखद संयोग'' है।

# बैडमिंटन क्लस्टर चौंपियनशिप का सीएम योगी ने किया उद्घाटन

## कहा, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है खेल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरी ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर चौंपियनशिप 2025-26 का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है, जहां 25 करोड़ से अधिक जनसंख्या निवास करती है। इसमें 56 प्रतिशत आबादी युवा वर्ग यानी वर्किंग फोर्स है। जनसंख्या जितनी स्वस्थ और फिट होगी, उतने ही बेहतर परिणाम राज्य और देश को मिलेंगे। यह प्रतियोगिता बाबू बनारसी दास यू.पी. बैडमिंटन अकादमी में आयोजित किया गया है।



योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में परंपरागत विचार को उद्धृत करते हुए कहा कि 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम' अर्थात् स्वस्थ शरीर ही सभी कार्यों और धर्म का आधार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेलकूद को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। खेल के मैदान में खिलाड़ी जो अनुशासन, दृढ़ संकल्प और समर्पण सीखता है, वही गुण उसे राष्ट्र को सशक्त, सुरक्षित और विकसित बनाने वाली मजबूत कड़ी बनाते हैं। सीएम ने कहा कि हर मेडल के पीछे संघर्ष की एक कहानी होती है। टैलेंट सिर्फ शुरुआत देता है, लेकिन मेहनत और पसीना ही हमें लक्ष्य तक पहुंचाता है। खेल हमें गिरना, उठना और फिर से जीतना सिखाता है।

उन्होंने आगे कहा कि 'एक भारत दृ श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने में खेल आज सशक्त माध्यम बन गया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेलकूद प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों ने गांव-देहात के अंतिम खिलाड़ी को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया है। इसी का परिणाम है कि आज भारत ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और विश्व चौंपियनशिप में पहले से कहीं अधिक भागीदारी और सफलता हासिल कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि राज्य में खिलाड़ियों के लिए सीधी भर्ती, पदोन्नति और नकद पुरस्कार की पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए 2 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे सम्मानजनक करियर बना सकें।

# अनेक सामरिक लक्ष्यों पर निशाना लगाने वाली उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान-परीक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने अनेक सामरिक लक्ष्यों पर एक साथ निशाना लगाने वाली उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान-परीक्षण किया है।

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह परीक्षण शुक्रवार को ओडिशा के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से बहु-स्वतंत्र लक्षित वाहन (एमआईआरवी) प्रणाली से किया। यह उड़ान-परीक्षण अनेक पेलोड के साथ किया गया, जिन्हें हिन्द महासागर क्षेत्र में विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में स्थानिक रूप से फैले विभिन्न लक्ष्यों पर निर्देशित किया गया था।

परीक्षण की टेलीमेट्री और ट्रैकिंग अनेक भू-आधारित तथा पोत-आधारित स्टेशनों द्वारा की गई। इन प्रणालियों ने प्रक्षेपण से लेकर सभी पेलोड के प्रभाव तक मिसाइल की पूरी उड़ान-पथ पर नजर रखी। उड़ान संबंधी आँकड़ों ने पुष्टि की कि परीक्षण के दौरान मिशन के सभी उद्देश्य सफलतापूर्वक प्राप्त किए गए। इस सफल परीक्षण के साथ भारत ने एक बार फिर एकल मिसाइल प्रणाली के माध्यम से अनेक सामरिक लक्ष्यों को साधने की क्षमता का प्रदर्शन किया। यह मिसाइल देशभर के उद्योगों के सहयोग से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित की गई है। इस परीक्षण को डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और भारतीय सेना के अधिकारियों ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान-परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय सेना और उद्योग जगत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बढ़ती हुई खतरे की धारणाओं के विरुद्ध देश की रक्षा तैयारियों में एक अद्भुत क्षमता जोड़ेगा।



# विजय सरकार के गठन का रास्ता साफ

## वीसीके का बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान

**एजेंसी, चेन्नई।**

तमिलनाडु में विदुथलाई चिरूथईगल काट्ची (वीसीके) ने तमिझगा वेट्री कषगम (टीवीके) को सरकार बनाने के लिए बिना शर्त अपना समर्थन देने का ऐलान शनिवार शाम को कर दिया। वीसीके के इस कदम से राज्य में नयी सरकार के गठन को लेकर पिछले एक सप्ताह से जारी राजनीतिक खींचतान पर विराम लग गया।

श्री थोल थिरुमावलवन के नेतृत्व वाली राजनीतिक पार्टी वीसीके बीते कुछ दिनों से टीवीके को समर्थन देने के मसले पर काफी उहापोह में थी। हालांकि उसके पास 234 सदस्यीय विधानसभा में केवल दो विधायक हैं लेकिन उसका रूख स्पष्ट न होने के कारण टीवीके को बहुमत हासिल करने में अड़चन आ रही थी पर अब समर्थन के ऐलान के बाद टीवीके और उसके नेता जोसेफ विजय को सरकार बनाने के लिए आवश्यक 118 विधायकों का जादुई आंकड़ा प्राप्त हो गया है।



## परमाणु ऊर्जा नवाचार शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश रवांडा के राष्ट्रपति की तरफ से जैकलीन मुकांगिरा ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें 'अफ्रीका के लिए परमाणु ऊर्जा नवाचार शिखर सम्मेलन (एनईआईएसए 2026)' में शामिल होने का निमंत्रण सौंपा। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 18 से 21 मई तक किगाली में आयोजित होगा। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए), संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग फॉर अफ्रीका (यूनेका), विश्व परमाणु संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें परमाणु ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मैन्युफैक्चरिंग और भविष्य की ऊर्जा साझेदारियों पर चर्चा होगी।

# लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि नये प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, वाइस एडमिरल स्वामीनाथन नये नौसेना प्रमुख नियुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) और वाइस एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों में इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों की शनिवार सुबह घोषणा की।

लेफ्टिनेंट जनरल राजा सब्रमणि जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे जिनका 30 मई को कार्यकाल पूरा हो रहा है जबकि वाइस एडमिरल स्वामीनाथन एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की जगह नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे जो 31 मई को सेवा निवृत हो रहे हैं।



ले जनरल सुब्रमणि सैन्य कार्य विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे और उनकी नियुक्ति उनके कार्यभार संभालने के दिन से प्रभावी मानी जायेगी और वह अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल राजा सुब्रमणि एक सितंबर 2025 से राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के पद पर कार्य कर रहे हैं। इससे पहले वह 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2025 तक सेना के उप प्रमुख रहे तथा मार्च 2023 से जून 2024 तक केंद्रीय कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे।

वाइस एडमिरल स्वामीनाथन ने 31 जुलाई 2025 को पश्चिमी नौसेना कमान के 34वें फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला था।

## प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. मलविंदरजीत सिंह वड़ैच का निधन



चंडीगढ़ भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रसिद्ध इतिहासकार और वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. मलविंदरजीत सिंह वड़ैच का शनिवार सुबह पंचकूला में निधन हो गया। वह 96 वर्ष के थे। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार, चिकित्सा अनुसंधान के लिए उनका पार्थिव शरीर पीजीआई चंडीगढ़ को दान कर दिया गया। प्रो. वड़ैच को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी आंदोलनों पर उनके दस्तावेजी शोध के लिए व्यापक सम्मान प्राप्त था। उन्होंने 1960 से 1989 तक गुरु नानक इंजीनियरिंग कॉलेज, लुधियाना में मानविकी के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। वहां उन्होंने देशभक्ति, अनुशासन, रचनात्मकता, खेल भावना और सामाजिक सद्भाव के मूल्यों से छात्रों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

# ईडी ने पंजाब मंत्री संजीव अरोड़ा को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, चंडीगढ़।**

पंजाब सरकार में बिजली, उद्योग, निवेश प्रोत्साहन और स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

चंडीगढ़ के पॉश सेक्टर-2 स्थित उनके सरकारी आवास पर कई घंटे चली तलाशी कार्रवाई के बाद ईडी ने यह कदम उठाया। हालांकि अभी तक उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि ईडी या अन्य अधिकारियों ने नहीं की है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक जल्द ही ईडी अधिकारी उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि कर सकते हैं। ईडी अधिकारियों के अनुसार, संजीव अरोड़ा पर उनकी कंपनी के माध्यम से बड़े पैमाने पर मनीलांड्रिंग करने का आरोप है। जांच एजेंसी का दावा है कि 100 करोड़ रुपये से अधिक के मोबाइल फोन की फर्जी जीएसटी खरीद दिखाकर और बाद में निर्यात के जरिए दुबई से भारत तक अवैध धन की राउंड ट्रिपिंग की गई। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की करीब 20 सदस्यीय टीम सुबह कई वाहनों के साथ मंत्री के आवास पर पहुंची थी। यह पिछले कुछ महीनों में अरोड़ा के खिलाफ तीसरी तलाशी कार्रवाई बताई जा रही है। इससे पहले भी एक महीने से कम समय पहले छापेमारी हुई थी। ईडी ने दिल्ली, गुरुग्राम और चंडीगढ़ में कुल पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इनमें हैम्पटन स्काई रिएलिटी लिमिटेड के कार्यालय और संजीव अरोड़ा से जुड़े अन्य परिसरों को शामिल किया गया। जांच एजेंसी का आरोप है कि दिल्ली की गैर-मौजूद या फर्जी कंपनियों से नकली जीएसटी खरीद बिल हासिल किए गए। इन बिलों के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट, निर्यात पर जीएसटी रिफंड और ड्यूटी ड्रॉबैक का गलत तरीके से फायदा उठाया गया, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा और निजी लाभ अर्जित किया गया। इस बीच आम आदमी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व संजीव अरोड़ा के समर्थन में उतर आया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उनके पक्ष में मजबूती से खड़े होने का संकेत दिया है।



**▸ मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी जीएसटी बिलिंग का आरोप**

# अगले हफ्ते इस्लामाबाद में बातचीत शुरू कर सकते हैं अमेरिका, ईरान : रिपोर्ट

**एजेंसी, वॉशिंगटन/तेहरान।**

व्हाइट हाउस द्वारा ईरान से संघर्ष समाप्ति संबंधी प्रस्ताव पर जवाब की प्रतीक्षा के बीच खबरें सामने आई हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता अगले सप्ताह पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर शुरू हो सकती है।



वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से बताया कि दोनों पक्ष मध्यस्थों के साथ मिलकर एक पृष्ठ के 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर रहे हैं। प्रस्तावित रूपरेखा के तहत एक महीने की वार्ता प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसका उद्देश्य जारी संघर्ष को समाप्त करना है। रिपोर्ट के अनुसार मसौदे में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव कम करने और ईरान के उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। कई अहम मुद्दों पर अब भी सहमति नहीं बन सकी है।

ईरान पर लगे प्रतिबंधों में राहत का मुद्दा सबसे बड़ी अड़चन बना हुआ है और माना जा रहा है कि यही वार्ता में देरी या विफलता का कारण बन सकता है। ये घटनाक्रम ऐसे समय सामने आए हैं जब 28 फरवरी को अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर किये गये हमलों के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया था। ईरान ने जवाबी हमले किए थे और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अहम होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन प्रभावित हुआ था। पाकिस्तान की मध्यस्थता में आठ अप्रैल को युद्धविराम हुआ था। इसके बाद 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में हुई वार्ता का पहला दौर किसी स्थायी समझौते तक नहीं पहुंच सका था। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम को बिना किसी समय सीमा के आगे बढ़ा दिया था। श्री ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया से कहा कि प्रशासन को संघर्ष समाप्ति के प्रस्ताव पर ईरान के जवाब का इंतजार है। उन्होंने सीएनएन से कहा, ÷हमें आज रात तक जवाब मिलने की उम्मीद है÷, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि तेहरान जानबूझकर जवाब में देरी कर रहा है या नहीं। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी कहा कि वॉशिंगटन को शुक्रवार तक ईरान के जवाब की उम्मीद है, हालांकि शनिवार सुबह तक (अमेरिकी पूर्वी समयानुसार) यह स्पष्ट नहीं हो सका था कि ईरान ने औपचारिक रूप से कोई जवाब दिया है या नहीं।

## होर्मुज में गोलीबारी का शिकार हुआ भारतीय जहाज

तेहरान होर्मुज में एक और भारतीय जहाज गोलीबारी का शिकार हुआ है। नाविकों के एक संगठन के प्रतिनिधि के अनुसार, बीते शुक्रवार को यह घटना हुई, जब होर्मुज स्ट्रेट में दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में फंस जाने से गुजरात के एक नाविक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। शिपिंग निदेशालय के अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि तो की, लेकिन इसके बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि वे इस मामले में सहायता प्रदान कर रहे हैं। यह लकड़ी से बना जहाज था, जिसकी पहचान अल फैज नूर-ए-सुलेमानी 1 नाम से हुई है। इस जहाज में 18 लोगों का क्रू सवार था। यह 7 मई को दुबई से निकला था और यमन के मुक्कम की ओर जा रहा था, तभी 8 मई को रात करीब एक बजे, होर्मुज स्ट्रेट पार करते समय यह गोलीबारी की चपेट में आ गया।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे फाटक पर अवैध सीसीटीवी कैमरा मिलने से हड़कंप, जांच में जुटी आरपीएफ

**पटना।** बिहार के समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत वैशाली जिले के सराय रेलवे स्टेशन स्थित समपार फाटक संख्या-43 पर संदिग्ध परिस्थितियों में अवैध रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद रेलवे प्रशासन और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) में हड़कंप मच गया है। स्टेशन अधीक्षक द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, सराय रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 07 मई को दोपहर लगभग 2 बजे समपार फाटक संख्या-43 एसपीएल पर ड्यूटी कर रहे गेटमैन संतोष कुमार ने सूचना दी कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने पश्चिमी हाइट गेज पोल पर एक सीसीटीवी कैमरा लगा दिया और मौके से फरार हो गए। इस पूरे मामले पर रेल एसपी वीणा कुमारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और कैमरा लगाने के उद्देश्य का पता लगाने के लिए आरपीएफ सहित अन्य एजेंसियां जांच में जुटी हुई हैं।

### अनिल अंबानी समूह के 17 ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अनिल अंबानी समूह से जुड़े कथित बैंक धोखाधड़ी मामलों में शनिवार को मुंबई में 17 स्थानों पर व्यापक छापेमारी की। यह कार्रवाई रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड तथा उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज मामलों में की गई। सीबीआई के मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम को हजारों करोड़ रुपये के कथित नुकसान से जुड़े मामलों की जांच जारी है। यह छापेमारी 08 मई को मुंबई स्थित सीबीआई मामलों की विशेष अदालत द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर की गई। जांच एजेंसी ने निदेशकों के आवासीय परिसरों के अलावा उन मध्यस्थ कंपनियों के कार्यालयों में भी तलाशी ली, जिनके खातों का कथित तौर पर बैंक धनराशि के डायवर्जन और लेन-देन के लिए उपयोग किया गया था। एजेंसी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान कई महत्वपूर्ण और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

### 11 हजार किमी समुद्री तट पर चलेगा बड़ा सफाई अभियान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने शनिवार को स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर 2026 अभियान और आगामी इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस बैठक में तय किया गया कि स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर 2026 अभियान 12 से 19 सितंबर तक पूरे देश में चलाया जाएगा और इसका समापन अंतरराष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस के मौके पर होगा। यह अभियान भारत के 11,098 किलोमीटर लंबे समुद्री तट को कवर करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने दो राज्यों में एक साथ नौकरी करने वाले सिपाही की बर्खास्तगी को सही माना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस सिपाही की बर्खास्तगी के आदेश को सही करार दिया है, जिसने झारखंड पुलिस से दो दिनों की छुट्टी लेकर जाली पहचान के साथ बिहार पुलिस में नौकरी हासिल कर ली थी। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने झारखंड उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें आरोपी सिपाही रंजन कुमार को सेवा से बर्खास्त करने के अनुशासनात्मक प्राधिकारी के आदेश को खारिज कर दिया गया था। अदालत के अनुसार, कामता सिंह के पुत्र रंजन कुमार को 18 मई 2005 को झारखंड पुलिस में सिपाही के रूप में नियुक्त किया गया था।

# ममता दीदी का काला इतिहास अब बीती बात : केशव

- आज पश्चिम बंगाल को मिली वास्तविक आजादी
- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में शुरू होगा विकास का नया अध्याय
- नवनियुक्त मुख्य मंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बंगाल अपनी खोई हुई सांस्कृतिक और आर्थिक गरिमा को पुनः प्राप्त करेगा



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। इस ऐतिहासिक अवसर पर मीडिया से वार्ता करते हुए श्री मौर्य ने बंगाल की नई सरकार और जनता को बधाई दी और तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल पर तीखा प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि आज का दिन पश्चिम बंगाल के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। आज वास्तविक रूप से पश्चिम बंगाल को उन दमनकारी नीतियों और भय के माहौल से आजादी मिली है, जिसमें यहाँ की जनता वर्षों से कैद थी। यह केवल सत्ता का परिवर्तन नहीं, बल्कि बंगाल के पुनरुत्थान का शंखनाद है।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास

श्री मौर्य ने आगे कहा कि अब पश्चिम बंगाल में डबल इंजन की सरकार पूरी गति से कार्य करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और विजन के साथ बंगाल अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा। केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाएं अब बिना किसी भेदभाव और बाधा के बंगाल के हर गरीब के घर तक पहुँचेंगी।

### अराजकता का अंत और ममता सरकार पर प्रहार

ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोलते हुए श्री मौर्य ने कहा कि ममता दीदी के शासन का काला इतिहास अब समाप्त हो चुका है। बंगाल में व्याप्त तुष्टीकरण, हिंसा और अराजकता के दौर का अंत हो चुका है। अब कानून का राज स्थापित होगा और विकास ही एकमात्र एजेंडा होगा।

### मुख्यमंत्री सुबेंदु अधिकारी को दी बधाई

श्री मौर्य ने पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सुवेंदु अधिकारी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री अधिकारी के नेतृत्व में बंगाल अपनी खोई हुई सांस्कृतिक और आर्थिक गरिमा को पुनः प्राप्त करेगा।

# सीएम योगी और राज्यपाल की मुलाकात से मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज

- जातीय समीकरण व महिला भागीदारी पर हो सकता है फोकस
- कुछ मंत्रियों के विभागों की अदला बदली भी संभव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनभवन पहुंचकर यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। करीब 40 मिनट चली शिष्टाचार भेंट के बाद लखनऊ से दिल्ली तक सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई। इस मुलाकात के बाद योगी कैबिनेट के विस्तार की अटकलें तेज हो गई हैं।सियासी जानकारों की मानें तो सीएम और गवर्नर की मुलाकात सिर्फ औपचारिक नहीं।

यूपी में लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार अटका है और आये दिन इस बाबत चर्चा होती रहती है। लोकसभा चुनाव के बाद संगठन और सरकार में तालमेल के लिए कई नए चेहरों को ओहदा मिल सकता है। विस्तार हुआ तो पूर्वांचल और पश्चिम यूपी में जातीय समीकरण पर फोकस अवश्य होगा।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ सकती है। 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी विस्तार के केंद्र में है।ओबीसी, दलित और महिला प्रतिनिधित्व बढ़ने की चर्चा है। कुछ मंत्रियों के विभागो में अदला बदली भी संभव है। विपक्ष इसे डैमेज कंट्रोल बता रहा है, जबकि बीजेपी सूत्र कह रहे हैं कि सब समय पर होगा। एक बड़े नेता ने कहा कि बीजेपी कब क्या होगा, किसे कहां क्या जिम्मेदारी मिलेगी, कह पाना आसान नहीं है।

वैसे भी बीजेपी कुछ नया और अप्रत्याशित करने के लिए जानी जाती है। खैर कुछ भी, बीजेपी और सहयोगी दलों के लीडर और सदस्य सक्रिय हो चुके हैं। चर्चाओं का क्या, होती रहती हैं, कई बार अटकलें बेमतलब भी साबित हो जाती है। लेकिन इस बार हलचल अपेक्षाकृत ज्यादा है। फिलहाल राजभवन और सीएम आवास चुप हैं, पर सियासी हवा गर्म है।

## खबरें एक नजर में

### लुलु बिग चोको डेज 2026 का भव्य शुभारंभ



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लुलु बिग चोको डेज 2026 का भव्य शुभारंभ आज लुलु हाइपरमार्केट में बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ हुआ। इस विशेष आयोजन को स्नीकर्स गैलेक्सी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जबकि कैडबरी, फेरेरो रोशर एवं नेस्ले ने पावर्ड बाय पार्टनर के रूप में सहभागिता निभाई। वहीं, डाक्स फैंटेसी इस आयोजन के एसोसिएट स्पॉन्सर रहे।कार्यक्रम का उद्घाटन नोमान अजीज खान, रीजनल डायरेक्टर, लुलु ग्रुप यूपी, दिल्ली एवं तेलंगाना द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, लुलु बिग चोको डेज 2026 ग्राहकों एवं चॉकलेट प्रेमियों के लिए एक शानदार एवं यादगार अनुभव लेकर आया है। उन्होंने कहा कि यह फेस्टिवल विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एवं लोकप्रिय चॉकलेट ब्रांड्स को एक मंच पर लाकर ग्राहकों को स्वाद, मनोरंजन एवं बेहतरीन शॉपिंग अनुभव प्रदान करेगा। लुलु हाइपरमार्केट सदैव अपने ग्राहकों के लिए नए एवं आकर्षक आयोजनों के माध्यम से विशेष अनुभव उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर श्री सुनील शर्मा, जनरल मैनेजर, लुलु हाइपरमार्केट ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, लुलु बिग चोको डेज 2026 शहरवासियों एवं ग्राहकों के लिए एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस आयोजन में ग्राहकों को विभिन्न प्रीमियम एवं लोकप्रिय चॉकलेट ब्रांड्स के साथ शानदार ऑफर्स, टेस्टिंग सेशन्स एवं मनोरंजक गतिविधियों का आनंद मिलेगा। पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक चॉकलेट थीम से सजाया गया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राहक, गणमान्य अतिथि एवं चॉकलेट प्रेमी उपस्थित रहे। फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों के लिए कई विशेष ऑफर्स एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।

### सफाईकर्मियों को नहीं मिली सैलरी एलएसए के खिलाफ लगाए नारे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के कई वार्डों में सफाई व्यवस्था संभाल रही कंपनी लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) के खिलाफ सफाईकर्मियों ने नारे लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि कंपनी किसी कर्मी को 300 तो किसी को 800 रुपए सैलरी भेज रही है। शनिवार को 100 से ज्यादा कर्मचारी 1090 के चौराहे के पास स्थित कंपनी के ऑफिस पर पहुंच गए। सफाई कर्मचारियों ने रै। कंपनी चोर है, एलएसए कंपनी हाय-हाय के नारे लगाए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि उनको सैलरी कम दी गई है। अप्रैल की सैलरी किसी को 300 रुपए मिली तो किसी को 800 रुपए भेजे गए। किसी-किसी कर्मचारी को 4000 रुपए तक भी भेजे गए हैं। सही सैलरी इससे ज्यादा है। प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि समस्या बताने के बाद समाधान नहीं हो रहा है। नगर आयुक्त गौरव कुमार से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने की मांग रखी। एलएसए के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन ने बताया कि थंब इंप्रेशन से अटेंडेंस लगाना अनिवार्य है। इन कर्मचारियों की हाजिरी नहीं लगने के कारण सैलरी नहीं आई है। 15 से 20 कर्मचारियों की सैलरी की समस्या हुई है। बातचीत चल रही है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों में 426 मामलों का हुआ निस्तारण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग उत्तर प्रदेश एवं प्रदेश के समस्त जिला उपभोक्ता आयोगों में 09 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उपभोक्ताओं से संबंधित मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई। आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य उपभोक्ता आयोग में कुल 27 मामले सूचीबद्ध किए गए, जिनमें से 16 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 1,43,04,702 रुपये की धनराशि का समाधान कराया गया। इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिला उपभोक्ता आयोगों में कुल 803 मामले सूचीबद्ध हुए, जिनके सापेक्ष 410 मामलों का निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 12,64,09,209.3 रुपये की धनराशि का समाधान कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान जिला उपभोक्ता आयोग बस्ती द्वारा सर्वाधिक 39 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि जिला उपभोक्ता आयोग गौतम बुद्ध नगर द्वारा सर्वाधिक 2,92,96,712 रुपये की धनराशि का समाधान कराया गया।

### महिलाओं को सम्मान दिलाना हमारी प्राथमिकता : जूही

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक संस्था पीपल छाव फाउंडेशन के तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर स्वर्गीय श्रीमती मालती देवी सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन स्टार पैलेस बैंक्वेट, कैसरबाग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मातृत्व, नारी सम्मान एवं संघर्षशील महिलाओं के योगदान को समर्पित कविताएँ, शायरी एवं सम्मान समारोह आयोजित विशेष प्रकाश डाला गया इस अवसर पर पूर्व महिला सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने कहा कि सपा महिलाओं के अधिकार और सम्मान में हमेशा संघर्ष करती रही हे और महिलाओं को सम्मान मिले सुमैया राणा हमेशा इसके लिए संघर्ष करती रही है इस लिए ये सम्मेलन न सिर्फसराहनीय है बल्कि महिलाओं के उत्थान के लिए एक अहम कड़ी है।

# लखनऊ से अवैध बंग्लादेशी हटाए जाएं : महापौर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ महापौर ने शनिवार सुबह शहर के कई जोन में साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन-4 स्थित निशातगंज पेपर मिल कॉलोनी के पास अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जोन-4 में ही वेंडिंग जोन पहुंचीं तो वहां गंदगी दिखीं। यह देखते ही वह गुस्से में भड़क गई। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाई।

निशातगंज में बांग्लादेशियों के मामले में उन्होंने यह भी कहा कि इनको दिए गए बिजली कनेक्शन की जांच कराई जाए। निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ नगर आयुक्त गौरव कुमार भी मौजूद थे। जोन-3, 4, 5 और 7 में घूमते हुए दोनों ने आम लोगों से भी सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। जोन-4 स्थित मॉडल वेंडिंग जोन में गंदगी मिलने पर महापौर ने अधिकारियों को फटकार लगाई। यहां पर लगातार गंदगी की शिकायत मिल रही थी। आज मेयर पहुंचीं तो उन्होंने भी गंदगी देखी।

महापौर ने कहा कि जोनल सेनेटरी ऑफिसर पंकज शुक्ला को सफाई व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए गए। चेतावनी दी कि लापरवाही पर एक्शन लिया जाएगा। यहां पर लोगों ने बताया कि कई दिनों से साफ-सफाई में लापरवाही की जाती है। नालियों की सफाई भी कई दिनों से नहीं हो रही है। वेंडिंग जोन में काम करने वाली कार्यदायी संस्था को अप्रैल में हटा दिया गया है। इसके बाद इसका काम भी लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) करेगी। जोन-4 में एलआईसी ऑफिस के पास सीवर की समस्या मिली। यहीं पर झुग्गियों में लटके तारों को लेकर भी चेतावनी दी गई। महापौर ने कहा निरीक्षण के दौरान जोन-4 स्थित विजयंत खंड में चल रहे नाला निर्माण कार्य का जायजा लिया। यहां चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा को अधूरे पड़े निर्माण कार्य को जल्दी पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

कहा कि आगामी बरसात के दौरान क्षेत्रवासियों को जलभराव जैसी समस्या का सामना न करना पड़े। महापौर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जोन- 7 स्थित सी ब्लॉक में चल रहे नाला निर्माण कार्य का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# ईरान युद्ध का असर : भण्डारों पर लग रहा गैस सिलिण्डर की कमी का ग्रहण

- ब्लैक में 3500 रुपये में मिल रहा व्यवसायिक एलपीजी सिलिण्डर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



ईरान युद्ध का असर अब राजधानी में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर होने वाले भंडारों में भी दिखायी देने लगा है। प्रथम बड़े मंगल पर अपेक्षाकृत कम ही भण्डारे हुए। इसका मुख्य कारण राजधानीवासियों के उत्साह की कमी नहीं है बल्कि एलपीजी सिलिंडरों की कमी है। एक औसत मध्यम भण्डारें में चार से छः तक उन्नीस किलों वाले व्यवसायिक एलपीजी सिलिंडर लग ही जाते है।

पहले तो सिलिंडर मिल ही नहीं पा रहा है दूसरा यदि मिल भी रहा है तो ब्लैक में। वही कालाबाजारी से एक कामर्शियल सिलिंडर पैतीस सौ से छत्तीस सौ रूपयों में मिल रहा है। जिसकी व्यवस्था गैस एतेंसी वाले ही करवा देते है। एक तो सिलिंडरों की कमी ऊपर से ब्लैक में महगें सिलिंडर ने छोटे और मध्यम भंडारा कराने वालों की कमर तोड़ दी है। जिससे भण्डारा करवाने वालों और भण्डारें का प्रसाद ग्रहण करने वालों दोनों में निराशा व्याप्त है। लोग इसके मुख्य कारण ईरान और अमेरिका को कोस रहे है। बड़े आयोजक तो ब्लैक में व्यवस्था कर ले रहे है परंतु छोटे भण्डारा कराने वाले मंहगे ब्लैक में भी सिलिंडर नहीं ले पा रहे है। इसलिये भी अपेखाकृत कम भण्डारे हो रहे है। यदि जिला प्रशासन इस बारे में कोई ठोस कदम उठाये तो शायद लखनऊ में ज्येष्ठ माह के भण्डारों की रौनक लौट आये।

# अजय राय ने किए हजरतगंज में दक्षिणमुखी हनुमान के दर्शन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को बजरंगबली के दर्शन किए। वह अस्पताल से वापसी के बाद परिवार सहित घर से सीधे हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पत्नी और बेटी के साथ हनुमानजी की पूजा की। बजरंगबली के सामने मत्था टेका। राय ने दर्शन-पूजन के बाद कहा हम सब लोग ईश्वरवादी हैं। महादेव महाकाल की कृपा, बजरंगबली की कृपा हम सभी पर। ज्यादा तबीयत खराब होने के बावजूद स्वस्थ हुआ। इन्हीं की कृपा से ठीक हूं, यहां खड़ा हूं। अस्पताल से छुट्टी के बाद आज पहली बार घर से निकला तो यहीं आया। अजय राय ने कहा घर से सीधे हनुमान मंदिर बजरंगबली की शरण में पहुंचा हूं। यहां पूजा-अर्चना करने के बाद प्रदेश कार्यालय जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करूंगा। भगवान ने मेरी रक्षा की। महादेव और भोले बाबा की कृपा रही कि मैं आज स्वस्थ खड़ा हूं। ज्यादा तबीयत खराब होने के बाद भी आज बिल्कुल ठीक हूं, यह बजरंगबली का आशीर्वाद है। इस दुख की घड़ी में मुझे लोगों का प्यार और स्नेह मिला। विशेष रूप से मैं जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिसने मेरे लिए पूजा और प्रार्थना की। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर बोले- सुवेंदु अधिकारी आज शपथ लेने वाले हैं। उनको मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। नई जिम्मेदारी मिल रही है। उन्हें हर तरह से अच्छा काम करना चाहिए। उनको पूरे बंगाल की जनता का ध्यान रखना चाहिए। जिस तरह से वहां घटनाएं घट रही हैं, हत्याएं हो रही है, उन सब पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

जनता की चुनी हुई सरकार को जनता के साथ खड़े रहना चाहिए। उत्तर प्रदेश मैं होने वाली जनगणना पर कहा कि इसे ठीक तरह से करवाना चाहिए। इस पर एसआईआर की तरह मनगढ़ंत काम नहीं होना चाहिए। जनगणना पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। केरलम् चुनाव को लेकर अजय राय ने कहा- विजय के पास पर्याप्त सीट हो गई है। कांग्रेस उनके के साथ है। मुझे लगता है कि ज्टज्ञ की सरकार बनेगी।

# महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा, गौरव व सामाजिक समरसता के संदेश के साथ संपन्न

- हिंदू जागरण मंच कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों की रही गरिमामयी उपस्थिति



### राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों के अतिरिक्त सांस्कृतिक गौरव संस्थान के समस्त क्षेत्रीय पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक गौरव संस्थान के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह- तिलन द्वारा के जीवन से जुड़ी एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं कम प्रचलित घटना का उल्लेख किया गया। उन्होंने बताया कि मेवाड़ की वीरभूमि पर संघर्ष का एक ऐसा अध्याय भी लिखा गया जिसने महाराणा प्रताप को केवल एक राजा नहीं, बल्कि त्याग, स्वाभिमान और अदम्य राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक बना दिया। उन्होंने कहा कि झुके नहीं वह मुगलों से, अनुबंधों को ठुकरा डाला मातृभूमि की भक्ति का नया प्रतिमान बना डाला, संघर्ष के कठिन दिनों में महाराणा प्रताप अपने परिवार सहित जंगलों में अत्यंत अभावपूर्ण परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रहे थे। कई-कई दिनों तक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता था। ऐसी स्थिति में रानी ने जंगल में उपलब्ध घास एवं जंगली अनाज से किसी प्रकार रोटी तैयार की, ताकि बच्चों की भूख शांत हो सके। किंतु जैसे ही छोटी राजकुमारी के हाथ में वह रोटी पहुंची, एक जंगली जानवर उसे झपटकर ले गया। भूखी पुत्री की करुण पुकार सुनकर महाराणा प्रताप की आंखें भी नम हो उठीं। वक्ताओं ने कहा कि यह वह क्षण था जब वे चाहते तो मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार कर राजसी वैभव प्राप्त कर सकते थे, किंतु उन्होंने अपने परिवार की पीड़ा, जंगलों की कठिनाइयों और अभावों को सहना स्वीकार किया, परंतु मातृभूमि का स्वाभिमान कभी नहीं बेचा। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आज भी त्याग, स्वाभिमान, स्वतंत्रता, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस के जीवंत प्रतीक हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने राणा प्रताप के आदर्शों पर चलने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

**मलिहाबाद-लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार हिंदू जागरण मंच कार्यालय रहीमाबाद में महान वीर सपूत वीर शिरोमणि मेवाड़ मुकुट क्षत्रिय कुलभूषण मातृभूमि के उपासना और सजग प्रहरी मेवाड़ की आजादी का सपना सजोने वाले हल्दीघाटी के शेर महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम में डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक पंकज गुप्ता, राजेश सिंह चौहान एडवोकेट, सियाराम, गुलजारीलाल, उमाशंकर मास्टर, आनंद यादव, ललित मौर्य, रजत तिवारी, मनोज सिंह अर्कवंशी, सतीश शास्त्री, अजय चौरसिया, भानू यादव, सक्षम सिंह, संग्राम सिंह, सत्येंद्र सिंह, कीर्तिराज सिंह, अंशुमान सिंह, अक्षत तिवारी, मौजूद रहे।

### महाराणा प्रताप की राष्ट्रभक्ति देश के लिए प्रेरणास्रोत : प्रदीप



लखनऊ के हुसैनगंज स्थित महाराणा प्रताप चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती क्षत्रिय संगठनों सहित समाज के सभी वर्गों ने मिलकर मनायी। इस अवसर पर लोगों ने महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर महाराणा के बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक प्रदीप सिंह बब्बू ने किया। बब्बू ने कहा कि महाराणा प्रताप जी का शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह,लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह बिष्ट, नोएडा से विधायक पंकज सिंह, सदस्य विधान परिषद संतोष सिंह, गौरीगंज से विधायक राकेश सिंह,गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू, महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह वरिष्ठ पत्रकार शिवशरन सिंह गहरवार, पूर्व डीजीपी यशपाल सिंह सहित कई जन प्रतिनिधिगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, शौर्य फाउंडेशन, अखंड राष्ट्रवादी पार्टी, करणी सेना, भारतीय क्षत्रिय समाज, श्रीराम सेवा समिति, राजपूताना महासभा, राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा, अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद, उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

### राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की जयंती पर निकली पद यात्रा



शनिवार को वीर शिरोमणि व राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की जयंती पर श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला इकाई के तत्वावधान में विकास दीप परिसर से महाराणा प्रताप चौराहा हुसैनगंज तक पद यात्रा निकाली गयी। संगठन के संस्थापक/ राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पद यात्रा में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह चौहान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अध्यात्म सिंह एडवोकेट, उ.प्र. अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह विशेन, प्रदेश उपाध्यक्ष मुसाफिर सिंह, प्रदेश महामंत्री संदीप सिंह रैकवार, आजीवन सदस्य अशोक सिंह विशेन व एम पी सिंह, जिला संरक्षक अनिल सिंह गहरवार, जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जिला उपाध्यक्ष दीप प्रकाश सिंह व जितेंद्र सिंह गहरवार, जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री गुलाब सिंह सोमवंशी व संजय सिंह पालीवाल, जिला मंत्री जीतेन्द्र सिंह व मान सिंह तोमर, तहसील अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह चौहान, तहसील महामंत्री सूर्य प्रताप सिंह, शिव राज सिंह, रमेश सिंह, सार्थक सिंह, आदित्य कुमार, शिवम आदि उपस्थित रहे ।

## योगी विजन — जल सुरक्षा व बाढ़ नियंत्रण को मजबूत करने के लिए बदले जा रहे गेट

# आधुनिक बन रहा गोमती बैराज, मजबूत होगी लखनऊ की पेयजल आपूर्ति

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

योगी सरकार द्वारा प्रदेश में बुनियादी ढांचे और जल प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। लखनऊ स्थित गोमती बैराज को आधुनिक और आदर्श बैराज सिस्टम के रूप में विकसित किया जा रहा है।

सिंचाई विभाग ने बैराज के पुराने और क्षतिग्रस्त वर्टिकल गेटों को बदलने का कार्य शुरू कर दिया है। इससे लखनऊ की पेयजल आपूर्ति और मजबूत होगी। जल सुरक्षा, बाढ़ नियंत्रण और पर्यावरणीय संतुलन को नई तकनीक के माध्यम से और मजबूती मिलेगी। प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग ने बताया कि वर्ष 1980 से 1983 के बीच निर्मित गोमती बैराज लंबे समय से लखनऊ की जल आपूर्ति व्यवस्था की रीढ़ बना हुआ है। यह बैराज कुड़िया घाट पंपिंग स्टेशन पर 105.6 मीटर का निर्धारित जल स्तर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे लाखों लोगों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो पाता है। बारिश के मौसम में गोमती नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित कर शहर को बाढ़ जैसी स्थितियों से बचाने में अहम योगदान देता है।



समय के साथ नदी के पानी की गुणवत्ता और लगातार उपयोग के कारण बैराज के गेटों में जैविक एवं रासायनिक क्षरण बढ़ गया था। इससे गेटों की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगी थी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चरणबद्ध तरीके से गेट बदलने के निर्देश दिये थे। 2024 में दो गेट बदले गए थे, जबकि 2025 में चार अन्य गेटों को प्रतिस्थापित किया गया। अब अंतिम चरण में शेष चार गेटों के निर्माण और स्थापना का कार्य तेजी से किया जा रहा है।मुख्य अभियंता यांत्रिक उपेंद्र सिंह ने बताया कि गेटों का निर्माण बरेली स्थित आईएसओ प्रमाणित सिंचाई कार्यशाला में किया गया है। प्रत्येक गेट दो स्तरों में तैयार किया गया है, जिसमें ऊपरी हिस्से का वजन लगभग 16 टन और निचले हिस्से का वजन करीब 18 टन है। सभी दस गेटों की चौड़ाई 18 मीटर तथा ऊंचाई 4.95 मीटर निर्धारित की गई है।

अत्याधुनिक तकनीक और मजबूत संरचना वाले ये नए गेट लंबे समय तक बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। बैराज के ऊपरी हिस्से में कॉफरडैम का निर्माण कराया है ताकि मरम्मत और प्रतिस्थापन कार्य के दौरान जल स्तर को नियंत्रित रखा जा सके। कुड़िया घाट पंपिंग स्टेशन तक पर्याप्त पानी पहुंचता रहेगा और शहरवासियों को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मरम्मत, गेट प्रतिस्थापन कार्य पूरा करने के लिए 8 मई से 15 जून तक 45 दिनों की बंदी निर्धारित की गई है। गर्मी बढ़ने के कारण जल स्तर में गिरावट की संभावना को देखते हुए विभाग चौबीसों घंटे काम कर रहा है ताकि कार्य समय से पहले पूरा किया जा सके। इंजीनियरों और तकनीकी कर्मचारियों की विशेष टीम लगातार निगरानी कर रही है। बैराज को स्काडा तकनीक से स्वचालित रूप में संचालित करने की तैयारी की जा रही है। इससे बैराज के गेटों का संचालन डिजिटल माध्यम से किया जा सकेगा।

# ट्रेन के इंजन पर चढ़ीं पल्लवी पटेल, यूजीसी के नए नियमों के समर्थन में की नारेबाजी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने शनिवार को करीब 2 हजार कार्यकर्ताओं के साथ चारबाग रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन किया। पल्लवी यूजीसी के नए नियमों को लागू करने की मांग कर रही थीं। फिलहाल इन पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। पल्लवी की पार्टी अपना दल कमेरावादी के कार्यकर्ता दोपहर 12.30 बजे चारबाग में इकट्ठा हुए। यहां से विधानसभा कूच करने की तैयारी करने लगे। वे सब जैसे ही बढ़े तो पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। इससे गुस्साए कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन की तरफ भागे। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर पहुंचकर पल्लवी और कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे।



इस दौरान कुछ कार्यकर्ता रेलवे ट्रैक पर उतर गए। ट्रैक पर खड़े इंजन पर चढ़ने लगे। देखते ही देखते पल्लवी भी इंजन पर चढ़ गई। नारेबाजी करने लगी। करीब डेढ़ घंटे तक यानी दोपहर 2 बजे तक स्टेशन पर हंगामा होता रहा। काफी देर तक पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। बाद में प्रदर्शनकारियों को घसीटकर बस में भरा और इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन कर रहे अनिल राज कोरी ने कहा पहले हम लोगों ने बस रोकी थी। आज रेल रोकी है। अगर जरूरत पड़ी तो हवाई जहाज भी रोकेंगे। एयरपोर्ट पर ताला लगा देंगे। दलित, पिछड़ा, आदिवासी, सबको वोट करता है, मगर कोई भी उसके अधिकार के लिए सामने नहीं आता। हम लोग मुकदमों से नहीं डरते, मुकदमा हमारे लिए मेडल की तरह है।

## खबरें एक नजर में

### बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर

**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।** बेरोजगार युवकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने एक अच्छी पहल की है। जिसमें अब जिला सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत युवाओं को रोजगार के अवसर दिए जाएगे। इसके लिए अब सउदी अरब में मैकेनिकल टेक्नीशियन, फॅब्रीकेशन फोरमैन, मैकेनिकल फिटर, स्ट्रक्बरल फैब्रीकेटर, फैद्रीकेशन सुपरवाइजर मैकेनिकल हेल्पर, सीएस वेल्डर्स, पाइप फैब्रीकेटर आदि के 91 पदों हेतु भर्ती सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश के पोर्ट के माध्यम से किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका पंजीकरण उक्त पोर्टल पर शुरू कर दिया गया है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि उक्त पदों पदों पर भर्ती के लिए रिक्त पदों का विवरण आयुसीमा शैक्षिक योग्यता, अनुभव वेतन आदि पोर्टल पर उपलब्ध है। कोई भी इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकता है। अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराने के बाद अधिक जानकारी के लिए टोल फी नंबर 155330 या सेवायोजन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

### श्रीमद भागवत गीता प्रतियोगिता का आयोजन



**शाहजहांपुर।** ब्लॉक स्तरीय श्रीमद भागवत गीता प्रतियोगिता का आयोजन संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रेती में संपन्न हुआ। जिसमें निबंध, भाषण एवं श्लोक गायन प्रतियोगिताएं आयोजित हुई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों में सुम्बुल , प्रिया एवं सौम्या को प्रथम वरीयता के लिए सम्मानित किया गया। समस्त बच्चों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गये कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक नोडल शहबाज आलम, सह नोडल रामनिवास शर्मा एवं राजीव कुमार वर्मा के अलावा प्रवेंद्र यादव , बीना आदि का योगदान रहा।

### नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरुआत की 16 मई मुकर्रर

**मंगलवार को पालिका में व्यापारी नेताओं संग बैठक कर बनेगी रणनीति**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर में नासूर बनती जा रही अतिक्रमण समस्या को दूर करने के लिए डीएम के निर्देश पर तहसील व पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए 16 मई से अतिक्रमण हटाओ अभियान की रणनीति के मद्देनजर मंगलवार को पालिका सभागार में व्यापारी नेताओं के साथ बैठक की जाएगी। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि नगर के प्रमुख मार्गो पर अतिक्रमण होने के कारण जाम की स्थित बनी रहती है । जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होना स्वाभाविक है। इसको लेकर नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने को लेकर मंगलवार को नगर पालिका सभागार में व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी । जिसमें अतिक्रमण हटाने को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में बाजार क्षेत्रों की समस्याओं और यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि व्यापारियों से सहयोग लेकर 16 मई से नगर में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान सड़क और फुटपाथ पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और आम लोगों को राहत मिल सके।

### ढाबा पर तोड़फोड़ व कर्मचारी के साथ मारपीट का आरोप

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** ढाबा स्वामी ने देर रात ढाबा पर तोड़फोड़ व कर्मचारियों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी मनमेंदर सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बह अपने घर पर सो रहा था। इसी दौरान बीती 9 मई की देर रात करीब ढाई बजे दो दो लोगों ने अपने 8 से 10 अज्ञात लोगों के साथ ढाबे पर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि ढाबे पर काम करने वाले वीरपाल को गंभीर चोटे आई हैं। और ढाबे पर तोड़फोड़ से सामान का नुकसान भी हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से हो सकता था बड़ा हादसा

**हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर विद्युत पोल पर रहा लटका**

समृद्धि न्यूज



**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** क्षेत्र के अवा गांव में विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण एक बार फिर बड़ा हादसा टल गया। बीती रात गांव में जर्जर हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूटकर खंभे पर ही अटक गया। सुबह सूचना मिलने पर विद्युतकर्मी मौके पर पहुंचे और टूटे हुए तार को जोड़कर आपूर्ति बहाल की। यह घटना गांव में विद्युत लाइनों की खराब स्थिति को उजागर करती है।

अवा गांव में ऐसी पहली घटना नहीं है। बीते वर्ष 16 अक्टूबर को भी गांव में सात स्थानों पर हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार टूटकर गिर गए थे। उस समय रात का समय होने के कारण घर के बाहर बंधे पशु बाल-बाल बच गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल फोन कर विद्युत आपूर्ति बंद करवाई थी। इससे पहले जुलाई में भी जर्जर तार टूटने से दरवाजे के बाहर खड़ी सरला देवी और उनके दामाद सतेंद्र गंभीर रूप से झुलस गए थे। एक माह से अधिक चले उपचार के बाद 20 अगस्त को सरला देवी की जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। इस गंभीर घटना के बावजूद विद्युत विभाग सचेत नहीं हुआ। ग्रामीण मेवा राम, दोदराम, सुरेश,जीतराम, राम रोशन, सोनपाल, मुकेश और विनोद ने बताया कि उनके घरों के सामने से 11 हजार वोल्ट की लाइन गुजरती है। कई बार विद्युत विभाग से जर्जर लाइनों को ठीक कराने की शिकायत की है, लेकिन विभाग इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार तार टूटने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस संबंध में अभियंता अजीत कुमार ने बताया कि तार केवल एक ही बार टूटा था, जिसके बाद उसे तुरंत सही कर दिया गया था।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख को बड़ी संख्या में संभ्रांत लोगों ने श्रद्धांजलि दी

समृद्धि न्यूज




**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** ब्लॉक की पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय सुमनलता यादव के दसवां संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं राजनीति से जुड़े गणमान्य लोगों ने सहभागिता कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन एवं संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज मिर्जापुर के संस्थापक संतनपाल सिंह यादव की धर्मपत्नी एवं समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव व पूर्व प्रधान मिर्जापुर डॉ. नीलेश यादव की मां पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय सुमनलता यादव के दसवां संस्कार में पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य अमित यादव 'रिंकू', आंवला सांसद नीरज मौर्य की धर्मपत्नी रश्मि मौर्य, लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा छात्र सभा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नेहा यादव, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह सहित अनेक प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के प्रांगण में हुए दसवां कार्यक्रम में मिर्जापुर के ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, नगर पंचायत कलान के चेयरमैन हरिनारायण गुप्ता, प्रधानाचार्य राजीव गुप्ता,भाजपा जिला महासचिव सत्येंद्र गुप्ता,रिटायर्ड नेशनल इंश्योरेन्स कंपनी के अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार पंकज, जिला पंचायत सदस्य रवीशपाल कुशवाहा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह यादव, प्रेमवीर सिंह चंदेल, प्रधान पैलानी उत्तर फारूक अली सहित क्षेत्र के सम्मानित पत्रकारों, व्यापारियो, समाजसेवियों ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख को श्रद्धांजलि दी।

## एसडीएम ने अवैध बालू खनन की शिकायत पर नाराजगी जताई



**हटा दलेल पुर गांव के रामगोपाल ने की शिकायत**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** खनन माफिया द्वारा खेत से जबरन अवैध ढंग से बालू खनन कराने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने एसडीएम से शिकायत की । इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए आरोपी युवक को पुलिस की हिरासत में दे दिया और राजस्व टीम को मौके पर भेज कर जांच कराई। कई घंटे बाद युवक को छोड़ दिया गया । गांव हटा दलेलपुर में भारी मात्रा में अवैध बालू खनन का मामला एसडीएम जीत सिंह राय के पास पहुंचा तो उन्होंने नाराजगी जताई। गांव के रामगोपाल ने बताया कि एक युवक द्वारा उसके खेत से जबरन अवैध बालू खनन पिछले महीने से किया जा रहा है। उसने बताया कि उसके खेत से करीब 5 मीटर गहराई तक बालू खनन किया गया है। जब उसने व उसके पुत्र ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने उन्हें जेसीबी से कुचलने की धमकी दी। उसने पिछले महीने से कई बार पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हिस्ट्रीशीटर समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जान से मारने की धमकी के सबूत पीड़ित ने पुलिस को दिये**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हिस्ट्रीशीटर छुटैया व उसके साले भीमा के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है । नगर के मोहल्ला कंकड़ निवासी शद्दन पुत्र मुन्ने खां ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि नगर के मोहल्ला दिलाजाक निवासी हिस्ट्रीशीटर अकरम खां उर्फ छुट्या पुत्र सफदर खां उर्फ जागा व उसके साले मुस्तकीम उर्फ भीमा पुत्र लईक ने बीती पांच मई को उसके मोबाइल फोन पर कॉल कर मां वहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की भी धमकी दी । पूर्व में छुटैया ने उसपर जान लेवा हमला कर उसके दोनो पैर तोड़ दिए थे । जिसका केश चल रहा है। आरोप है कि पांच मई को अपरान्ह करीब तीन बजे अकरम खां उर्फ छुईया के साले-मुस्तकीम उर्फ भीमा पुत्र लईक ने उसके मोबाइल पर कॉल की। जो उसकी बेटी ने रिसीव की तो उधर से बोला गया कि शद्दन को फोन दो । उसकी बेटी ने कहा कि बताओ क्या बात है तो मुस्तीक्म ने बेटी के साथ भी बत्तमीजी से बात की। जब उसने बात की तो मुस्तकीम उर्फ भीमा लाइन पर था। उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए माँ बहन की गालियां देते हुए कहा कि तुम्हारी टागें तो तोड़ दी। अब तुम्हारे दोनो हाथ भी तोड़ देंगे। वह बहुत लोगों को मार चुका है। अब मारने की तुम्हारी बारी है। पीड़ित ने वार्ता की ऑडियो रिकर्डिंग के साथ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित से अपनी जान का खतरा बताते हुए गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाल जुगुल किशोर पाल को तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। कोतवाल ने बताया कि छुटैया व मुस्तकीम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## भाभी ने दर्ज कराया मुकदमा, युवक टावर पर चढ़ा

**शाहजहांपुर।** युवक अपनी भाभी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे से परेशान होकर ऊंचे टावर पर चढ़ गया। जिससे आसपास इलाके में हड़कंप मच गया। टावर पर चढ़े युवक ने आरोप लगाया कि उसकी भाभी ने उस पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया है, जिसके कारण उसकी शादी नही हो पाई। युवक ने मुकदमा वापस लेने और अपनी शादी कराने की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस पर आनन फानन में पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा जा सका। यह घटना शनिवार सुबह चैक कोतवाली क्षेत्र के चांदापुर रोड पर हुई। युवक की पहचान सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के देवकली निवासी कौशल के रूप में हुई है।

## हाइवे पर सांड़ की टक्कर से टैम्पो पलटा

**शादी में जा रहे बुजुर्ग की मौत, पांच सवारियां गंभीर घायल**

समृद्धि न्यूज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाइवे पर विचर रहे सांड की टक्कर लगने से सवारी भरकर जा रहा टैंपो पलट जाने से शादी में जा रहे एक वृद्ध की मौत हो गई । जबकि टेंपो की पांच सवारियां गम्भीर रूप से घायल हो गई। शुक्रवार देर शाम हाइवे पर नगरिया मोड़ पुलिस चैकी क्षेत्र में साई पेट्रोल पंप के समीप तिलहर से सवारी भरकर बरेली मोड जा रहा टैंपो अचानक सामने आए सांड से टकराकर पलट गया। राहगीरों ने आनन फानन में टैम्पो के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। जिसमें कोतवाली क्षेत्र के गांव फिरोजपुर



निवासी वृद्ध विश्राम पुत्र मोतीलाल 68 की मौत हो गई । जो जलालाबाद के गांव कुबेरबंडा रिश्तेदारी में एक शादी में जाने के लिए घर से निकले थे । और टैम्पो से बरेली मोड़ जा रहे थे। हादसे में घायल होने बालों में गांव हरभानपुर निवासी रामखिलौना पत्नी ऊधमपाल, शाहजहांपुर के पुत्तूलाल चैराहा निवासी शबाना पत्नी अली अहमद , लखीमपुर के उचैलिया थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर निवासी रेहान पुत्र नफीस, शाहजहांपुर के मिशन स्कूल फिल्ड निवासी मलका पुत्री बुद्धू व तिलहर के गांव दलेलापुर गांव निवासी आदित्य पुत्र बलबीर गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल भिजवाया गया । इस दौरान चालक टैंपो छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर भारी जाम लग गया। पुलिस ने टैम्पो हटवाकर यातायात सुचारू कराया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

## सांड के हमले से बुजुर्ग गंभीर घायल, भर्ती

**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर- शाहजहांपुर।** कस्बे में शुक्रवार सुबह थाने के पास खड़े 70 वर्षीय बुजुर्ग पर एक आवारा सांड नें हमला कर दिया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूझबूझ से उनकी जान बच सकी। कस्बे के जयराम सक्सेना सुबह करीब 7 बजे थाने के पास खड़े थे। तभी अचानक एक आवारा सांड ने



उन पर हमला कर दिया। सांड ने उनकी जांघ में सींग मार दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए। उनकी चीख सुनकर पास खड़े ग्रामीणों ने तुरंत डंडे की मदद से सांड को भगाया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उनके पैर में कई टांके आए हैं। कस्बे के धर्मवीर सक्सेना, कृष्ण कुमार सक्सेना, अशोक कुमार, सुनील यादव,मदनपाल सिंह ने बताया कि जैतीपुर कस्बे में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ गया है।कहा सब्जी बाजार में एक सांड पहले भी कई लोगों को घायल कर चुका है, जिसके कारण लोग उसे देखकर रास्ता बदल लेते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इन आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेजा जाए, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती, निकली भव्य रैली

समृद्धि न्यूज

**खुटार, शाहजहांपुर।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती शनिवार को खुटार नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर अंकित सिंह के नेतृत्व तथा संरक्षक पत्रकार कुलदीप सिंह, सचिन सिंह और ठाकुर सौरभ सिंह के सहयोग से शगुन पैलेस में किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मंच संचालन पत्रकार विमलेश गुप्ता ने किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और मातृभूमि के लिए किए गए संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह में करणी सेना के प्रदेश महामंत्री ओमवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके नेतृत्व में नगर में भव्य स्वागत रैली निकाली गई। रैली के दौरान



कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप अमर रहें के जयघोष लगाए, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह स्वरूप भगवान श्रीगणेश का चित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी मुस्तैद दिखाई दिया। इस अवसर पर करणी सेना के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं नगर के गणमान्य नागरिकों सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**परिजनों का रो रोकर बुरा हाल, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम**

समृद्धि न्यूज

**सिंधौली शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव नगला लाहौरी निवासी 25 वर्षीय रोहित की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान बृहस्पतिवार को मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि 24 अप्रैल की शाम करीब 7.30 बजे चककन्हऊ के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई थी। हादसे में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था, जबकि दूसरी बाइक पर सवार अजय राठौर को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया



था। जानकारी के अनुसार अजय राठौर अपनी पत्नी शालू और बेटी के साथ एक बारात में शामिल होने के लिए पुवायां क्षेत्र के बीरमपुर जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रहे रोहित की बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया था। रोहित का कई दिनों से इलाज चल रहा था, लेकिन हालत में सुधार नहीं हो सका और गुरुवार उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक रोहित अपने भाई सुरजीत और प्रदीप से सबसे छोटा था मृतक की तीन बहने आरती और सलोनी जबकि वेदवती की शादी हो चुकी है मां उषा देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



**कुर्रियां कला, शाहजहांपुर।**

शनिवार को ग्राम सभा पलेरा में भागवत कथा का आयोजन प्राचीन देवी मंदिर परिसर में शुरू हो रहा है। शनिवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा पल्हौरा से चलकर फूलमती मंदिर, भोले बाबा के मंदिर पहुंची। कथा आज 8 से 11 बजे और 12 से 3 बजे तक कथा व्यास के द्वारा सुनाई जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की। उन्होंने कहा कथा का श्रवण का पुण्य लाभ अर्जित करें। आचार्य श्रीनिवास मिश्रा, व्यवस्थापक पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह, श्याम पाल सिंह, राकेश कश्यप, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**पत्नी से अवैध संबंधों के शक में युवक को मारी थी गोली, भागने की फिराक में था अपराधी**



**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हत्या के प्रयास के मामले में वांछित एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी है, जबकि एक पुलिसकर्मी भी मामूली रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध असलहा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी के निर्देशानुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जलालाबाद पुलिस शुक्रवार देर रात ग्राम पलहरई के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान गंगा एक्सप्रेस-वे की ओर से एक मोटरसाइकिल आती दिखी। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो सवार ने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से वह गिर गया। खुद को घिरा देख अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। गोली कांस्टेबल शुभम सैनी की कोहनी को छूते हुए निकल गई। पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान अवनीश सिंह पुत्र नरवीर निवासी ग्राम सैदपुर थाना कांट के रूप में हुई है। पूछताछ में अवनीश ने चैंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि उसकी पत्नी का अमित सिंह नामक व्यक्ति से अवैध संबंध था। इसी का बदला लेने के लिए उसने 6 मई को ग्राम टापर के पास अमित के सिर में गोली मार दी थी और उसे मरा समझकर भाग गया था। वह गंगा एक्सप्रेस-वे के रास्ते फरीदाबाद भागने की फिराक में था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक 32 बोर का अवैध तमंचा और कारतूस, घटना में प्रयुक्त बुलेट क्लासिक 350 मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नवागत प्रधानाचार्य ने ग्रहण किया चार्ज



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** आचार्य राममोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जलालाबाद के समस्त विद्यालय परिवार की ओर से श्री कृष्ण पाल सिंह पूर्व प्रधानाचार्य को उनके नवीन दायित्व के सफल निर्वहन हेतु अनंत शुभकामनाएँ दी। आपके कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय ने नए आयाम स्थापित किए हैं। नवीन कुमार को प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी। कहा आपके नेतृत्व में विद्यालय प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगा। विद्यालय के कर्मठ पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण पाल सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं नवागंतुक प्रधानाचार्य नवीन कुमार का पदभार ग्रहण करने पर आत्मीय स्वागत एवं शुभकामनाएँ दी।

## खबरें एक नजर में

### तालाबों की सफाई को लेकर पालिका हुई सक्रिय, पालिकाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**कालपी (जालौन)।** नगर में स्वच्छता एवं जल संरक्षण को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा अभियान तेज कर दिया गया है। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने मोहल्ला महमूदपुरा स्थित तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों को तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि तालाबों का संरक्षण एवं नियमित सफाई बेहद आवश्यक है, जिससे वर्षा जल का संचयन बेहतर तरीके से हो सके तथा आसपास गंदगी फैलने से लोगों को होने वाली परेशानियों से भी राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि तालाब क्षेत्र में फैली गंदगी एवं कचरे को शीघ्र हटाकर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नगर के सभी तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि नगरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान वार्ड सभासद राकेश यादव तथा नामित सभासद रविंद्र वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### झूठे मुकदमे के आरोप से टूटा युवक लापता, वायरल वीडियो के बाद 37 घंटे से तलाश जारी

**कालपी (जालौन)।** एक युवक के रहस्यमय ढंग से लापता होने के मामले ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। 21 वर्षीय युवक का एक भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से वह बीते 37 घंटों से लापता है। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है और युवक की तलाश के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कदौरा कस्बे के सिद्धार्थ नगर मोहल्ला निवासी लोकेंद्र के खिलाफएक महिला ने छेड़खानी की शिकायत थाना कदौरा में दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि जमानत पर रिहा होने के बाद युवक मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था। इसी बीच युवक घर से निकल गया और कालपी स्थित यमुना पुल पर पहुंचकर एक वीडियो बनाया। वीडियो उसने अपने एक मित्र को भेजा, जिसके बाद वह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में युवक खुद पर लगाए गए आरोपों को झूठा बताते हुए बदनामी से आहत होने की बात कह रहा है। उसने आरोप लगाया कि वह स्वयं मारपीट की शिकायत लेकर थाने गया था, लेकिन उल्टा उसी के खिलाफछेड़खानी का मामला दर्ज कर दिया गया। वायरल वीडियो में युवक ने कहा कि मेरे ऊपर झूठा मुकदमा लिखाया गया है, मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई है, अब मेरा दुनिया में रहना उचित नहीं है। वीडियो के अंत में युवक ने खुद को नुकसान पहुंचाने जैसी बातें भी कही हैं, जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है। कालपी यमुना पुल, घाटों और आसपास के संभावित स्थानों पर लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सर्विलांस टीम और स्थानीय सूत्रों की मदद से युवक का पता लगाने का प्रयास जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा युवक की सकुशल बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं युवक के लापता होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे लगातार पुलिस के संपर्क में रहकर युवक की तलाश में जुटे हुए हैं।

### गेहूं खरीद केंद्र के निरीक्षण में एसडीएम को बोरियों में मिला ज्यादा गेहूं



**जालौन (उरई)।** नव नियुक्त एसडीएम रिंकू सिंह राही ने कार्यभार संभालते ही शुक्रवार शाम गल्ला मंडी का अचौक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आने पर एसडीएम ने संबंधित ठेकेदारों और कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। एसडीएम ने क्रय-विक्रय केंद्रों का निरीक्षण करते हुए गेहूं की बोरियों का वजन स्वयं खड़े होकर जांचा। जांच में पाया गया कि निर्धारित 50 किलो गेहूं एवं 550 ग्राम बोरी वजन के स्थान पर भरी हुई बोरियों का कुल वजन करीब 50 किलो 900 ग्राम तक पहुंच रहा था। इस पर एसडीएम रिंकू सिंह राही नाराज हो गए और एफसीआई से जुड़े ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या जनता के हितों से खिलवाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में कई स्थानों पर पानी भरा मिला तथा साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित लोगों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मंडी सचिव अंकित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### डॉक्टर ने एडीएम के ड्राइवर के बेटे पर लगाए अभद्रता करने का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** जिला अस्पताल के डॉक्टर ने एडीएम के ड्राइवर के बेटे पर गाड़ी निकालने को लेकर बीच सड़क में अभद्रता करने का आरोप लगा शनिवार को सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र सौपा है। मुख्यालय के रमेड़ी स्थित सिविल सर्जन बंगला निवासी डॉक्टर सुरेश कुमार ने दी शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि बीते शुक्रवार की देर रात लक्ष्मीबाई तिराहा से बस स्टॉप की ओर आने वाले मार्ग पर वी-मार्ट के पास एडीएम के ड्राइवर के बेटे पप्पू ने अपनी कार में बैठे रहकर उसके साथ अभद्रता करते हुए देख लेने की धमकी दी थी जिससे आहत होकर उन्होंने गाली गलौज करने का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल किया है। वहीं पुलिस मीडिया सेल ने बताया कि यातायात का दबाव होने के कारण वाहन रुक-रुक कर एक-दूसरे को पास कर रहे थे। इसी दौरान सुरेश कुमार अपनी कार से जा रहे थे तथा एडीएम के ड्राइवर के बेटे पप्पू ने अपनी चार पहिया वाहन से उक्त मार्ग पर जा रहे थे। दोनों पक्षों के मध्य वाहन निकालने को लेकर कहासुनी हो गई तथा एक-दूसरे के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस द्वारा मामले का संज्ञान लिया गया।

# ग्राम पंचायत संचालन समिति के गठन के बाद से बढ़ने लगा सियासी तापमान

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



ग्राम पंचायत पनवाड़ी प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज किए जाने के बाद से अब सियासी तापमान बढ़ता नजर आ रहा है। ग्राम पंचायत सदस्यों द्वारा विरोध के स्वर सामने आने लगे हैं । ग्राम पंचायत प्रधान के वित्तीय अधिकारों को सीज किये जाने के बाद ग्राम पंचायत के विकास की जिम्मेदारी तीन सदस्यीय गठित समिति को सौंपी गई है, जिस कारण पनवाड़ी ग्राम पंचायत सदस्यों ने विकास खंड के बाद अब जिला मुख्यालय पहुंचकर विरोध जताना शुरू कर दिया है।

जिलाधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को संबोधित ज्ञापन देकर गठित समिति को भंग करने की मांग की गई है। ग्राम पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाते हुए कहां है कि समिति गठित करने में पंचायत सदस्यों को विश्वास में नहीं लिया गया और ना ही कोई खुली बैठक आयोजित की गई है। चुनिंदा लोगों को समिति में शामिल कर दिया है जिससे गांव में असन्तोष का माहौल है। बता दें कि गत दिनों डीपीआरओ की जांच में अनियमिताओं को लेकर ग्राम पंचायत पनवाड़ी सुर्खियां बटोर रही है । जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगाते हुए ग्राम के विकास हेतु संचालन के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था ।

जिससे ग्राम पंचायत सदस्यों में नाराजगी बढ़ने लगी है, ग्राम पंचायत सदस्य भान प्रताप, अजय, बबलू ,नसरुन, अवध रानी, उमाशंकर, शगुन देवी, मो अजीज , कुसुम आदि सदस्यों में जिला मुख्यालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन देकर गठित समिति को तत्काल प्रभाव से भंग किए जाने तथा नियमानुसार सार्वजनिक सूचना जारी कर ग्राम पंचायत सदस्यों की मौजूदगी में खुली बैठक बुलाकर नई समिति का गठन कराए जाने की मांग की है।अब लगता है कि ग्राम पंचायत पनवाड़ी की विकास समिति के गठन के बाद सियासी तापमान बढ़ता ही जा रहा है।

# कोतवाली कुलपहाड़ पुलिस टीम ने 3 वारंटी अभियुक्त किए गिरफ्तार

**समृद्धिन्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** वांछित अभियुक्तों की धड़पकड़ अभियान के तहत कोतवाली कुलपहाड़ पुलिस ने तीन नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड के नेतृत्व में चलाए जा रहे रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित वारंटी अभियान के अंतर्गत थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराही हेड कांस्टेबल सुमित कुमार, कांस्टेबल दिनेश कुमार सिंह, रि0 आ0 शैलेश कुमार पांडेय द्वारा वारंटी अभियुक्तगण सुम्मी उर्फ सुम्मा पुत्र स्व0 पोटा प्रजापति उम्र 57 वर्ष, धूराम अहिरवार पुत्र लोटन उम्र 56 वर्ष, मुन्ना अहिरवार पुत्र कल्लू उम्र 54 वर्ष निवासीगण सेला खालसा थाना कुलपहाड़ को सम्बन्धित वाद संख्या क्रमशः 01/2019, 06/2019, 03/2019 धारा कैनाल एक्ट 08 न्यायालय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सिंचाई प्रखंड महोबा को वारंटीगण के घर के बाहर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त गणों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



## ऑनलाइन धोखाधड़ी में 1 लाख 66 हजार की धनराशि कराई गई वापस

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर गौरव उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा निरन्तर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न शिकायतकर्ताओं द्वारा अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी के संबंध में एनसीआरपी पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिन पर साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई। आवेदक दौलत सिंह पुत्र जगत प्रसाद, थाना कोतवाली नगरठ द्वारा दर्ज शिकायत में कार्यवाही करते हुए रुपए 80,000 की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराई गई। आवेदक तारिक मंसूरी पुत्र रहमत, थाना कोतवाली नगर की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए रुपया 65,000 की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराई गई। आवेदक उत्तम सिंह राजपूत पुत्र ओमप्रकाश, थाना कुलपहाड़ की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए रुपए 21,000 की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराई गई।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने रेमंड शो-रूम का किया उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**



जीटी रोड चंदियाना में रेमंड शो रूम का उद्घाटन किया गया। भारत में वस्त्र उद्योग में वरीयता प्राप्त रेमंड लिमिटेड ने फतेहपुर में अपने एक्सक्लूसिव, द रेमंड शॉप का अनवारण भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। संचालक शिशिर पटेल ने बताया की अब जनपद के लोगों को ब्रांडेड कपड़ों के लिए जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा और रेमंड की समस्त रेंज, सूटिंग, शर्टिंग के साथ रेडीमेड के पार्क एवेन्यू, पार्क्स और कलर प्लस जैसे प्रसिद्ध ब्रांड उपलब्ध है, इसके अलावा कस्टम टेलरिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी जिससे ग्राहकों को मनपसंद फिटिंग में अपने कपडे मिल सकेंगे।

इस शुभ अवसर पर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा, जंगबहादुर वर्मा, ध्रुव नरायण रस्तोगी, हरिओम रस्तोगी, मोनू रस्तोगी, हेमंत पटेल, अंकुर पटेल, धनंजय चौधरी, मृत्युंजय चौधरी, गौरव दीक्षित, पदमनाथ शर्मा आदि गडमान्य लोग मौजूद रहे।

ग्राहकों ने शॉप के माहौल और कपड़ों की वेरायटीज की काफी सराहना की।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को मिले चश्मा और कान मशीन

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**



लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के सहयोग से संस्था जन कल्याण महासमिति फतेहपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विकास खंड हंसवा के ग्राम औरेइ में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विभाकर शास्त्री एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान दीपक द्विवेदी उर्फ बचोले महराज एवं विराज शास्त्री एवं कंसल्टेंट निशीत द्वारा फीता काट कर कैंप की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि द्वारा कैंप में आए हुए ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि यह कैंप हमारे पूर्वजों के आशीर्वाद से समाजसेवा के लिए लगाए जा रहे है जिससे बुजुर्गों और माताओं बहनों को ग्राम स्तर पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। कैंप में 615 पंजीकरण हुए। जिसमें शुगर, हीमोग्लोबिन, बीपी, आंख, कान, एचआईवी, सिफलिश, एवं फिजिशियन द्वारा आवश्यकतानुसार चिकित्सीय परामर्श देते हुए दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर नेत्र रोगियों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया और जिनको मोतियाबिंद या अन्य समस्याओं हेतु जिला चिकित्सालय फतेहपुर रेफर किया गया।जिनके कान में समस्या थी उनको कान की मशीन भी प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था जन कल्याण महासमिति के सचिव बीपी पाण्डेय द्वारा बताया गया कि सच्ची समाज सेवा स्वास्थ्य सेवा ही है जिसमें ऐसे बुजुर्गों एवं महिलाओं की सेवा का अवसर मिल जाता है जिनको अस्पताल तक ले जाने वाला कोई नहीं है, उनको घर पर सेवा देने का कार्य हमारी संस्था कर रही है।इस अवसर पर शिविर के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता धनंजय द्विवेदी, भाजपा नेता बृजेश द्विवेदी, अमित मिश्रा उर्फ नीटू, सुधांशु पांडे, कमल सिंह लोधी, विजय द्विवेदी, नरेंद्र गुप्ता पुष्पेंद्र दीक्षित, विश्वबिहारी दुबे। आर्यन सविता, सुदीप, आयुष, प्रकाश द्विवेदी, दुर्गेश दुबे, डॉ राजीव शुक्ला, डॉ हिमांशु, डॉ आदित्य कुमार, डॉ पवन त्रिपाठी, सौरभ सिंह, फार्मासिस्ट, रियांका सिंह, श्रेया स्टाफनर्स, आदर्श मिश्रा, विनीता मिश्रा, काउंसलर, माया देवी, सत्यदेव, अजय सिंह चौहान उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

- हुसैनगंज थाने का किया निरीक्षण, अभिलेखों और व्यवस्था का लिया जायजा
- 110 प्रार्थना पत्र मिले, 11 का मौके पर निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** माह के दूसरे शनिवार को आयोजित थाना समाधानदिवस पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिसअधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना हुसैनगंज पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। दोनों अधिकारियों ने शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। 110 शिकायतें मिलीं, 11 का मौके पर समाधान समाधान दिवस में कुल 110 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 81 राजस्व से संबंधित और 29 पुलिस से जुड़े थे। राजस्व टीम के साथ 05 और पुलिस से संबंधित 06 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई जारी है। थाना परिसर का निरीक्षण, अभिलेखों में सुधार के निर्देश समाधान दिवस के बाद डीएम और एसपी ने थाना हुसैनगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाना, हवालात समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

# विद्यालय में हुआ मातृ दिवस का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्ध महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्राथमिक वर्ग के बच्चों के लिए माँ की महिमा का गुणगान करते हुये निबंध लेखन प्रतियोगिता हुयी। वहीं जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ग्रीटिंग व कविता वाचन प्रतियोगिता हुयी। बच्चों ने सुंदर व मनमोहक ग्रीटिंग द्वारा मां के व्यक्तित्व को अपनी कल्पना शक्ति से उकेरा। बहुत ही सुन्दर तरीके से माँ के प्रति श्रद्धा, समर्पण, त्याग व तपस्या की प्रतिमूर्ति जैसे भाव प्रस्तुत किये गये। सीनियर वर्ग के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता हुयी। कक्षा 11वीं की छात्रा नैनम गुप्ता ने श्री कृष्ण जी के जीवन के संघर्षो को उजागर करते हुये कविता प्रस्तुत की, वहीं दसवीं की छात्रा राजमिता ने अपनी स्वरचित कविता की इस प्रकार प्रस्तुत की मैं नही वो मीत जो रिश्ता निभाना भूल जाये, मैं नही वो मीत जो साथ देना छोड़ जाये इसमें प्रतिभाग करने वाले अक्षिता शुक्ला, आरजू कुशवाहा, अन्शी पटेल, समायरा साहू, मौली, शान्वी शुक्ला, उत्कर्ष यादव, दीक्षा पाल, अभय सिंह आदि रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि माँ से श्रेष्ठ कोई शिक्षक नही और घर से अच्छी कोई पाठशाला नही है। यह दिन माँ के प्रति कृतज्ञता का भाव विकसित कर उनके त्याग, तपस्या, करूणा, ममता जैसे गुणों को आत्मसात् करने की प्रेरणा देता है। उन्होनें इस अवसर पर दुनियाँ की समस्त माताओं को हृदय से नमन कर उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव प्रदर्शित किया।

# वीएचएनडी सत्र ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने उपकेन्द्र हुसैनगंज में आयोजित वीएचएनडी सत्र (ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर 12 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका था, तथा बच्चों का ग्रोथ चार्ट भरा पाया गया और 15 बच्चों का टीकाकरण शेष था। 06 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण शेष था, जिसमें 04 महिलाओं का टीकाकरण तथा एनसी चेकअप हो चुका था। स्वास्थ्य परीक्षण में गर्भवती महिलाओं के बीपी, शुगर, यूरिन आदि की जांच व स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई गई थी। उन्होंने कहा की वीएचएनडी दिवस में आने वाली महिलाओं, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण संवेदनशीलता के साथ करते हुए सभी अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। साथ ही वीएचएनडी दिवस का सुपरविजन निरंतर करते रहे। उन्होंने कहा कि जो कार्य किए जा रहे है उनकी संबंधित पोर्टल पर फीडिंग ससमय कराए।

इस अवसर पर सुपरवाइजर प्रशांत भारती, एएनएम अनुपम चौधरी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मिथलेश कुमारी, आशा माया देवी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# डीएम, एसपी ने एट थाने में फरियादियों की सुनी समस्यायें

- सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश
- खाली जमीनों पर हरे चारे की बुवाई कराने के कहा



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित थाना समाधान दिवस के तहत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने एट कोतवाली सभागार में दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान प्रत्येक प्रकरण की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें एक आवास से संबंधित तथा दूसरी पारिवारिक विवाद की शिकायत शामिल रही। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही प्रभावी कार्रवाई कर दोनों शिकायतों का निस्तारण करा दिया, जिससे फरियादियों ने राहत महसूस की। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी एवं लेखपाल को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा न होने पाए। जहां कहीं भी अवैध कब्जे की स्थिति मिले, वहां तत्काल नोटिस जारी करते हुए पीपी एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

## पाथ फाइंडर्स इंटरनेशनल स्कूल एप्रोच रोड का विधायक ने किया भूमि पूजन

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।**

शनिवार को जालौन रोड स्थित पाथ फाइंडर्स इंटरनेशनल स्कूल के एप्रोच रोड निर्माण का विधिवत भूमि पूजन के साथ किया गया। यह सड़क निर्माण कार्य विधायक गौरी शंकर वर्मा द्वारा अपनी बुंदेलखंड विकास निधि से स्वीकृत कराया गया है। लाखों रुपये की लागत से बनने वाला यह मार्ग विद्यालय तक पहुंचने वाले छात्रों, अभिभावकों एवं वाहनों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

कार्यक्रम के दौरान विधायक गौरीशंकर वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बरसात के दिनों में विद्यालय तक पहुंचना काफी कठिन हो जाता था। सड़क नीचे होने के कारण जलभराव की समस्या बनी रहती थी, जिससे छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि अब इस मार्ग के निर्माण के बाद बच्चों को विद्यालय तक एक सुरक्षित एवं सुगम रास्ता उपलब्ध होगा। विधायक ने कहा कि यह लिंक रोड नेशनल हाईवे-25 को विद्यालय से जोड़ता है, लेकिन सड़क नीची होने के कारण स्कूल से निकलने वाली बसें, वैन एवं अन्य वाहन मुख्य मार्ग पर स्पष्ट दिखाई नहीं देते थे, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा नोटिस**

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 151-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 IREPS की वेबसाइट यानी http://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 04.06.2026 समय (15.00Hrs) दो पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT. संख्या.: | 151-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 दिनांक 08.05.2026 |
| निविदा संख्या: | 151-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 |

**कार्य का नाम:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में निम्नलिखित कार्यों के संबंध में 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग कार्य: (i) दिलकुशा से मलहौर के बीच तीसरी लाइन, (ii). लखनऊ (चारबाग कार्यशाला) में वंदे भारत (16 कोच) के लिए पिट लाइन परीक्षण हेतु शेड क्षमता का निर्माण, (iii) लाइन संख्या 7 के निकट उतरेटिया स्टेशन में अतिरिक्त लूप लाइन कार्य का प्रावधान, (iv) अचलगंज हॉल्ट को क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करने का कार्य।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य | रु. 14,41,61,205.54/– (चौदह करोड़ एकतालीस लाख एकसठ हजार दो सौ पांच रूपये और चऊअन पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा | रु. 28.83.200/– (अठाईस लाख तिरासी हजार दो सौ रूपये मात्र) |
| समापन की अवधि | 18 (बारह) माह. |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक। | 08.05.2026 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है। | 21.05.2026 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 04.06.2026 (15.00Hrs.) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

**ध्यानदें:** 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्टटेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"

टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

No. 151-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 दिनांक 08.05.2026 1559/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

थाना समाधान दिवस

# डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं





**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने थाना सफदरगंज पहुंचकर आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत लंबित एवं प्रमुख भूमि विवादों को चिन्हित करते हुए आपसी समन्वय के साथ मौके पर जाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्देश थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त विभिन्न प्रार्थना पत्रों के संबंध में अधिकारी द्वय द्वारा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजकर प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस क्रम में जाटा बरौली निवासी सुमित्रा उर्फ कंचना एवं रसौली निवासी रामहेत के मध्य विवाद, तिवारी का पुरवा निवासी आरती तिवारी एवं सरोज तिवारी के मध्य विवाद, अम्बौर निवासी शिवाकर एवं रमेश कुमार से संबंधित प्रकरण तथा पंडरा निवासी निर्भय सिंह एवं दारा सिंह के मध्य विवाद के संबंध में मौके पर जाकर जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निस्तारण आख्या निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**▸ भूमि विवादों के मौके पर निस्तारण के निर्देश**

**पूर्व समाधान दिवसों के प्रकरणों की समीक्षा एवं फीडबैक**

इस अवसर पर पूर्व के थाना समाधान दिवसों में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई। अधिकारी द्वय द्वारा निस्तारण आख्या का अवलोकन करते हुए दूरभाष के माध्यम से आवेदकों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम नवाबगंज सुश्री गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार नवाबगंज श्री भूपेंद्र विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सफदरगंज सहित अन्य संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धमकी देने के आरोप में महिला समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे मिश्रन मजरे जमीन हुसैनाबाद में एक महिला ने गांव के ही दो लोगों पर रास्ते में अवरोध उत्पन्न करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव निवासी जूली पत्नी हरजीत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 6 मई 2026 की रात करीब 8 बजे गांव के दीपक पुत्र स्वर्गीय शिवकुमार और सरोजा पत्नी स्वर्गीय शिवकुमार उनके आने-जाने के रास्ते में अवरोध उत्पन्न कर रहे थे। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उन्हें और उनके परिवार को भद्दी गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी आए दिन उन्हें परेशान करते हैं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने महिला समेत दो लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# शव रखकर परिजनों ने किया प्रदर्शन अंतिम संस्कार से किया इंकार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



पीपरपुर थाना क्षेत्र के खानापुर गांव में युवक की हत्या के बाद गांव में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। विदित हो कि एक दिन पूर्व देशी कट्टा देखने को बुलाने के बाद गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था। परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मृतक की मां का कहना है कि जब तक नामजद आरोपी बालेंद्र शुक्ला को मौके पर नहीं लाया जाता और सभी दोषियों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा जाता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि पुलिस किसी भी आरोपी को छोड़े नहीं और मामले में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। वहीं लोगों ने जनपद में अवैध असलहे के कारोबार की आशंका जताई है। एहतियात के तौर पर गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

# एसपी ने उपनिरीक्षकों को डिजिटल विवेचना के लिए दिया टेबलेट





**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना में उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता लाने हेतु उपनिरीक्षकों/विवेचकों को टैबलेट वितरित किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद की कानून व्यवस्था को हाईटेक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस लाइन सभागार में विभिन्न थानों पर नियुक्त 26 उपनिरीक्षकों को टैबलेट वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विवेचना कार्यों में उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता और तेजी लाना है, जिससे उपनिरीक्षक/विवेचक मौके पर ही साक्ष्यों का संकलन कर उन्हें डिजिटल पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। जिससे अपराधियों के विरुद्ध समयबद्ध तरीके से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जा सकेगी तथा आम जनमानस को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने में मदद मिलेगी।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया उपस्थित रहें।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर चौबे निवासी राकेश कुमार पुत्र तेजराम यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित के अनुसार वह 10 मई की रात करीब 7:30 बजे निर्माण कार्य से लौट रहा था। तभी गांव के पास पुलिया पर पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने उसे रोक लिया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी पहले दर्ज मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहे हैं।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर ग्राम्यांचल के निकट स्थित घर में निवास करने वाली विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी पर आए मृतका के पिता व परिजनों ने हत्या करने एवं पुस्तैनी घर ले जाकर जलाने की कोशिश का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पिता की तहरीर पर पुलिस जाँच कर रही हैं।



जनपद बाराबंकी के थाना रामसनेहीघाट अंतर्गत लालता पुरवा मजरे महुलारा गांव निवासी शीतला प्रसाद पुत्र जुगुल किशोर ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री माधुरी का विवाह वर्ष2023 में अमेठी जिला के थाना शिवरतनगंज अंतर्गत अवस्थी का पुरवा गांव के मूल एवं वर्तमान समय में हैदरगढ़ में रहने वाले विष्णु कुमार तिवारी के पुत्र विशाल तिवारी के साथ किया था। आरोप लगाया कि विवाह के लिए बाद से ही पति, ससुर सास व अविवाहित देवर द्वारा उनकी बेटी को मारते पीटते थे और आज शनिवार सुबह हत्या कर दी। पुलिस क्यों दी गई तहरीर में पिता ने आरोप लगाया कि जब वह जानकारी होने पर बिटिया की ससुराल पहुंचे तो ससुराली जनों द्वारा पुत्री का शव देखने नहीं दिया गया यही नहीं शव को जलाने की कोशिश के तहत पुस्तैनी गांव ले जाने की कोशिश की।

# प्लॉट पर पहुंचे युवक से मारपीट आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुर गांव में प्लॉट पर काम कराने पहुंचे युवक के साथ मारपीट और मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित बृजेश प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लखनऊ निवासी विनय कुमार त्रिपाठी (अधिवक्ता) के ग्राम नारायणपुर स्थित गाटा संख्या 338 के प्लॉट की देखरेख करता है। आरोप है कि जब वह प्लॉट पर काम कराने पहुंचा, तभी गांव के जुग्गीलाल, उनके भाई और बेटे लाठी-डंडा व धारदार हथियार लेकर मौके पर आ गए और गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिससे किसी तरह पीड़ित की जान बच सकी। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के दौरान मौके पर मौजूद युवक सोमल रावत द्वारा वीडियो बनाए जाने की बात भी सामने आई है। आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ भी अभद्रता की और मारपीट की। कोतवाली पुलिस के अनुसार तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट के निर्देशन में की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### आतंकित करने वाले साढ़ की गौशाला में मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** ब्लॉक क्षेत्र के भिटरिया चौराहे पर लोगों पर हमला करने वाले संदिग्ध रेबीज संक्रमित सांढ की कंधईपुर गो आश्रय केंद्र में मौत हो गई। पशु चिकित्सकों ने सांड में रेबीज के लक्षण मिलने की पुष्टि की थी। एहतियात के तौर पर मृत सांड को गहरे गड्ढे में नमक डालकर दफनाया गया। ग्रामीणों ने आश्रय केंद्र में मौजूद करीब 400 गोवंशों की स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण की मांग की है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि अब तक किसी अन्य पशु के संक्रमित होने की सूचना नहीं मिली है।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, दो घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ-जौनपुर हाईवे पर शुक्रवार रात हुए भीषण सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को गम में बदल दिया। जहां पर दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार गौतम पुत्र राम भरोसे निवासी पंडित का पुरवा मौजा मुबारकपुर की बेटी की शादी थी। परिवार में शादी की तैयारियों के बीच गौतम अपने साथियों के साथ आवश्यक कार्य से बाहर निकले थे। इसी दौरान करीब रात आठ बजे हाईवे पर दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में गौतम और आशाराम गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। वहीं दूसरी बाईक सवार विजय उर्फ बब्लू व किशोर दुर्गेश निवासी बढ़ौली घायल है, जिसका उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। देर रात्रि हालात ऐसे बने कि शादी की रस्में सादगी के साथ पूरी कर दुल्हन की विदाई कराई गई। गाजा-बाजा वापस कर दिया गया और बारात में शामिल लोग भी गमगीन माहौल में लौट गए। घटना के बाद दोनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में रखवा दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र यादव ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तिरंगा तिराहे पर पोल में दौड़ रहा है करंट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तिरंगा तिराहे के पास बरसात के दौरान पोल में करंट उतरने से कई राहगीरों को झटका लग चुका है। विश्व हिंदू परिषद के जिला पदाधिकारी विजय चौहान ने बताया कि मामले की शिकायत कई बार बिजली विभाग के जेई और एसडीओ से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि एसडीओ ने दुकानदारों को अपने खर्च पर खंभे में पॉलीथिन और टेप लगाकर बचाव करने की सलाह दी थी। आरोप है कि गर्मियों में यह खंभा अत्यधिक गर्म होकर लाल हो जाता है और बारिश में इसमें करंट दौडने लगता है, जिससे आम लोग व आसपास घूमने वाले बेजुबान जानवर भी प्रभावित होते हैं।

### नोएडा से आ रहा युवक हुआ जहरखुरानी का शिकार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नोएडा से घर लौट रहे युवक को रास्ते में जहरखुरानी गिरोह ने शिकार बना लिया। बेहोशी की हालत में मिले युवक को पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। इंदरगढ़ निवासी जितेंद्र कुमार (35) पुत्र सिपाहीलाल शाक्य नोएडा स्थित एक स्पोर्ट्स प्राइवेट कंपनी में सिलाई का कार्य करते हैं। बताया गया कि वह बुधवार रात करीब 10 बजे दादरी से रोडवेज बस द्वारा अपने घर के लिए निकले थे। यात्रा के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें नशीला अथवा जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गए। बेहोशी का फायदा उठाकर शातिर उनके पास रखे करीब 16 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन, पर्स तथा जरूरी कागजात चोरी कर ले गए। रोडवेज बस के परिचालक ने युवक को छिबरामऊ पश्चिमी बाईपास स्थित नवीन मंडी के पास उतार दिया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने युवक को अचेत अवस्था में देखा तो उनकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से युवक को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उसका उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नाले में मिली नवजात बच्ची को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने सुरक्षित बचाया



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

इन्हौना थाना क्षेत्र अंतर्गत गणपति यात्री प्लाजा के पास चिरौली गांव में सड़क किनारे नाली में एक नवजात बच्ची पड़े होने की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन एवं पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, केस वर्कर रुचि सिंह, सुपरवाइजर रोशन लाल तथा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम द्वारा नवजात बच्ची को नाले से सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों द्वारा जांच के दौरान बच्ची का वजन कम पाए जाने पर उसे बेहतर उपचार के लिए बच्ची को मलिक मोहम्मद जायसी जिला अस्पताल के एनईसीयू वार्ड में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार शुरू कर दिया गया है। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बच्ची के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# लोनिवि की वार्षिक कार्य योजना के निर्धारण हेतु बैठक सम्पन्न



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित वार्षिक कार्ययोजना के निर्धारण हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक सलोन अशोक कुमार, विधायक बछरावां श्याम सुन्दर भारती, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की आवश्यकताओं एवं स्थानीय जनसमस्याओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुत कार्ययोजना के अंतर्गत जनपद की सभी विधानसभाओं के लिए कुल 127715 लाख रुपये से अधिक लागत से 953 किलोमीटर लंबाई के 553 विकास कार्यों का प्रस्ताव रखा गया। अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित कार्ययोजना में सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, नवीन सड़कों का निर्माण, रोड सेफ्टी से संबंधित कार्य, हेलीपैड निर्माण, सेतु निर्माण तथा भवन निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन कार्यों का उद्देश्य जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बढ़ाना तथा आमजन को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

**शासन की मंशा के अनुरूप करे कार्यः डीएम**

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थित रूप से संकलित कर शासन को अनुमोदन हेतु शीघ्र प्रेषित किया जाए, ताकि स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से प्रारंभ कराया जा सके। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया तथा कहा कि बेहतर सड़क एवं पुल अवसंरचना से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी तथा आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी।

**▸ स्थानीय जनसमस्याओं को ध्यान में रखकर विकास कार्यों के प्रस्ताव किए प्रस्तुत**

# सैनिक स्कूल में ऑपरेशन सिन्दूर विषयक विशेष एनसीसी गतिविधि आयोजित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**





शनिवार को सैनिक स्कूल में ऑपरेशन सिन्दूर विषय पर विशेष एनसीसी गतिविधि का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सैन्य जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही देश सेवा की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल भारत पटनी, एनसीसी सीटीओ एएनओ मुन्ना कुमार शर्मा एवं नायब सूबेदार जितेन्द्र डिगार की की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स के लिए ड्रिल अभ्यास, ध्वजारोहण, प्रेरणादायी संबोधन एवं ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित विशेष वीडियो प्रदर्शन का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने कैडेट्स को सैन्य जीवन के मूल्यों से परिचित कराते हुए अनुशासन, साहस, एकता और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। साथ ही विद्यार्थियों को सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## थाना समाधान दिवस पर एसपी ने की जनसुनवाई



**▸ फरियादियों की शिकायतों को सुनकर दिए निस्तारण के निर्देश**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** माह मई के दूसरे शनिवार को जनपद के थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में थाना संग्रामपुर पर पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गए।

# माह अप्रैल में प्रदेश की नंबर-1 तहसील बनी मुसाफिरखाना

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद की तहसील मुसाफिरखाना ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करते हुए माह अप्रैल में प्रदेश स्तर पर आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तहसील की इस उपलब्धि का श्रेय उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया के प्रभावी नेतृत्व, सतत मॉनिटरिंग और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को दिया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर तहसील प्रशासन द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया गया। उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया स्वयं गांव-गांव पहुंचकर जन चौपाल के माध्यम से शिकायतों की सुनवाई कर रहे हैं तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया जा रहा है। जनसुनवाई की इस प्रभावी व्यवस्था और शिकायतों के पारदर्शी निस्तारण के चलते तहसील मुसाफिरखाना को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

# डीएम-एसपी ने जनसुनवाई कर सुनीं आमजन की शिकायतें

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**





सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना सदरपुर में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व से संबंधित विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवादों के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील मामलों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों, भूमि विवादों एवं अवैध कब्जों से जुड़े मामलों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायतों के निस्तारण का पूर्ण विवरण दर्ज करने तथा समस्त अभिलेखों को अद्यतन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

## भाजपा जिला कार्यालय पर बंगाली समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ देखा गया लाइव शपथ ग्रहण समारोह

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पश्चिम बंगाल के चुनाव उपरांत शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण टेलीविजन के माध्यम से देखा गया। पार्टी के पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में यह प्रसारण देखा। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि की गई और बताया कि आज का शपथ ग्रहण समारोह बंगाल के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन है पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के अपार परिश्रम व कुशल मैनेजमेंट से आज पश्चिम बंगाल की धरती पर कमल खिला है और शुभेंदु अधिकारी वहां हमारे नेता के रूप में मुख्यमंत्री चुने गए हैं उन्होंने कहा कि अब बंगाल सनातन के रंग को स्वीकारते हुए भारत की आन बान शान के लिए निरंतर कार्य करेगा और निश्चित तौर से मां काली के आशीर्वाद से एक नया बंगाल भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाने के लिए अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि आज के दिन की तरह उत्तर प्रदेश में भी हमें अगले वर्ष विशाल शपथ ग्रहण देखने को मिलेगा । इसके लिए हम सब कार्यकर्ताओं को परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है और यहां भी ऐसे ही परिणाम लेकर आने हैं जिससे विपक्षी चारों खाने चित्त हो जाएं। इस अवसर पर भाजपा नेताओं द्वारा पार्टी पदाधिकारी एवं समर्थकों को मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी गई इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्गा पूजा समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एन एन चटर्जी सचिव रंजीत कुमार दास संजीव कुमार दास नीता दास अपर्णा दास पंकज मुखर्जी असीम कुमार विश्वास सपना विश्वास , संजय विश्वास विशाखा विश्वास अनंत विश्वास परिमल सरकार अरिंदम दास सौमिलदास विश्वास सुशांत विश्वास संजय विश्वास शेखर चन्द्रमल्ली गोविंद अधिकारी आकाश राय परिमल सरकार सहित बंगाली समाज के लोग व पार्टी पदाधिकारी उपस्थितर रहे।

# बीडीओ रेउसा सचिव को दे रहे संरक्षण, निकला फर्जी भुगतान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**





रेउसा विकासखंड की ग्राम पंचायत मल्लापुर में इन दिनों ग्राम पंचायत के वित्तीय कार्यों को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में दो अलग-अलग नामों से मानदेय और भुगतान किए जा रहे हैं, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है।

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में लिखित अभिलेखों में ग्राम प्रधान के रूप में कमल कांत का नाम दर्ज है और ऑनलाइन पोर्टल पर भी उन्हीं का डोंगल शो कर रहा है। लेकिन आरोप है कि सचिव संतलाल पटेल द्वारा भुगतान प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही है। बताया जा रहा है कि भुगतान कमल कांत के डोंगल से किया जा रहा है, जबकि मानदेय पिछले लगभग पाँच वर्षों से लगातार बृजेश कुमार के खाते में डाला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विकासखंड स्तर के अधिकारी निष्पक्ष जांच करें तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। आरोप है कि सचिव की मनमानी इस हद तक बढ़ गई है कि वह प्रशासन और शासन की पारदर्शिता व्यवस्था को खुली चुनौती दे रहे हैं। निष्पक्ष जांच की मांग मल्लापुर के ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि केवल औपचारिक नोटिस देकर मामले को ठंडे बस्ते में डालना भ्रष्टाचार को संरक्षण देने जैसा होगा। अब सवाल यही है—क्या जांच में हकीकत सामने आएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी, या फिर मामला कागजों तक ही सीमित रह जाएगा?

> विकासखंड रेउसा में तैनात खंड विकास अधिकारी प्रवीण जीत पर लगातार सवाल उठने लगे हैं क्योंकि खंड विकास अधिकारी सिर्फ जांच का हवाला देकर सचिव संतलाल पटेल को बचाने का कार्य कर रहे हैं जिससे स्पष्ट हो रहा है जिले के उच्च अधिकारियों को भी खंड विकास अधिकारी चुनौती दे रहे हैं।

# किसान आयोग के गठन व यूरिया को लेकर भरी हुंकार

**रामखेड़ा में हुई भाकियू भानु की महापंचायत**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम रामखेड़ा में आयोजित भारतीय किसान यूनियन भानु की महा पंचायत में किसान आयोग के गठन, यूरिया व स्मार्ट मीटर को लेकर किसानों ने हुंकार भरी। इसके साथ ही संगठन का विस्तार भी किया गया। पंचायत में प्रीपेड स्मार्ट मीटर का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया गया। किसानों ने बताया कि सरकारी आदेश के बावजूद इन मीटरों को पोस्टपेड में परिवर्तित नहीं किया गया है। इस विषय पर निर्णय लिया गया कि पूर्व में लगे मीटरों को ही पुनः बहाल कराने के लिए सरकार से इस प्रक्रिया पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की मांग की जाए। इसके अतिरिक्त,




यूरिया संकट को लेकर भी किसानों ने चिंता व्यक्त की। सरकार द्वारा डीएपी और यूरिया को ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर किसानों ने कहा कि यह पहल आधुनिकता की दिशा में एक अच्छा कदम है, लेकिन वर्तमान में अधिकांश किसान तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हैं। इसलिए मांग की गई कि यूरिया की उपलब्धता पहले की तरह सहज रूप में सुनिश्चित की जाए तथा किसानों की वास्तविक खेती के आधार पर खाद उपलब्ध कराई जाए।

किसानों ने यह भी कहा कि जब तक उनकी फसल उचित मूल्य पर नहीं बिकेगी और वे बिना मानसिक तनाव के खेती नहीं कर पाएंगे, तब तक वे पूर्ण रूप से आधुनिक प्रणाली को अपनाने में सक्षम नहीं होंगे। इस संदर्भ में किसानों की आय दोगुनी करने, किसानों का कर्ज माफ करने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह द्वारा लगातार उठाई जा रही आवाज एक स्वतंत्र किसान आयोग के गठन की मांग की गई, जिससे किसान स्वयं अपनी फसल का मूल्य निर्धारित कर सकें और सरकार सीधे उनकी उपज खरीद सके। पंचायत में यह भी सामने आया कि जनपद में कुछ असामाजिक तत्व किसान संगठनों का दुरुपयोग करके संगठन की छवि खराब कर रहे हैं। इस पर निर्णय लिया गया कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध शीघ्र ही अधिकारियों को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। पंचायत में अमन यादव (राष्ट्रीय संगठन मंत्री), आरपी ठाकुर (राष्ट्रीय सचिव), अमित कुमार राजपूत (कानपुर मंडल अध्यक्ष), सहित कई पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

**संगठन का किया गया विस्तार**

**छिबरामऊ।** इस दौरान संगठन विस्तार के अंतर्गत हिमांशु यादव को ग्राम अध्यक्ष रामखेड़ा से पदोन्नत कर तहसील अध्यक्ष युवा मोर्चा बनाया गया। इसके अतिरिक्त जयप्रकाश को तहसील सचिव, रणवीर सिंह यादव को जिला सदस्य, सुरेंद्र फौजी को ग्राम अध्यक्ष रामखेड़ा, अरविंद यादव को ग्राम प्रवक्ता, जगमोहन सिंह को जिला सदस्य, कुबेर यादव को ग्राम सदस्य, प्रदीप कुमार को ग्राम सदस्य, महाराम को ग्राम उपाध्यक्ष तथा भूरे सिंह को ग्राम उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही लगभग दो दर्जन किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

## प्रधानाध्यापक ने किए लालकपुर भट्टे पर छह बच्चों के नामांकन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर की प्रधानाध्यापक पूजा पांडे ने लालकपुर भट्टे पर पहुंचकर 6 बच्चों के नवीन नामांकन कराए। इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों व बच्चों को विद्यालय में उपलब्ध शासकीय सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। पूजा पांडे ने बताया कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध है। बच्चों को आधुनिक शिक्षा देने के लिए आईसीटी कक्षा एवं कंप्यूटर लैब का पूर्ण उपयोग किया जा रहा है, जिससे बच्चे डिजिटल युग के अनुरूप तैयार हो रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सभी सुविधाओं का लाभ हमारे विद्यालय के बच्चे उठा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करे। नामांकन के बाद अभिभावकों ने प्रधानाध्यापक के प्रयासों की सराहना की और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आश्वासन दिया। इस पहल से स्थानीय स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## रविवार को लगेगा कैंसर का निःशुल्क जांच शिविर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका रोड पर एलआईसी ऑफिस के पास स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में कानपुर के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ अरुन प्रकाश द्विवेदी का निशुल्क कैंप 10 मई रविवार को लगेगा। संजीवनी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर सरित द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया इस निशुल्क कैम्प में कैंसर सम्बन्धित समस्याओं के बारे में परामर्श ले सकते हैं। कैम्प में दिखाने के लिये पहले रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इसके लिए 8195980318, 9616664888 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर निकली शोभायात्रा में दिखी समाज की एकजुटता

**तिर्वा,कन्नौज।** मेवाड़ के 13 वें राजपूत शासक महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान, साहस और मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उनकी जन्मजयंती पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा में समाज के लोगों की एकजुटता साफ नजर आई। बताते चलें कि,9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में जन्में महाराणा प्रताप की जयंती पर शनिवार को जिले के तिर्वा नगर के तिर्वा इंदरगढ़ तिराहा स्थित बालाजी मंदिर के निकट से यात्रा का शुभारम्भ हुआ। यात्रा में पैदल और बाईकों पर सवार समाज के लोगों की बड़ी संख्या में शामिल भीड़ हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। यात्रा के आयोजन की व्यवस्था देवांगना क्षत्रिय उत्थान एवं सेवा संगठन सहित तिर्वा स्टेट के राजा देवेश्वर नारायण सिंह, रानी सुनीता सिंह, दीपेंद्र नारायण सिंह के अलावा समाज के प्रमुख लोगों द्वारा एकजुट होकर की गई थी। शनिवार को यात्रा का शुभारम्भ हुआ और जैसे जैसे यात्रा आगे बढ़ी,वैसे वैसे यात्रा में शामिल लोगों का जगह जगह पुष्प वर्षा और जलपान कराकर नगर में कई जगहों पर स्वागत किया गया।

# नगर को मिला डीलक्स टॉयलेट, दो शुद्धि स्थलों व धोबी घाट की भी सौगात

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर को डीलक्स टॉयलेट सहित दो शुद्धि स्थलों एवं धोबी घाट की सौगात मिली है। शनिवार को फीता काटकर एवं शिला पट का अनावरण करके विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने इनका उद्घाटन किया।

किसी का निधन हो जाने के बाद नगर में अब तक कोई शुद्धि स्थल नहीं था। 15वां वित्त आयोग की मद से वार्ड 15 लोहिया नगर आवास विकास कॉलोनी में सुभाष अकादमी के पास नलकूप संख्या 13 के निकट शुद्धि स्थल का निर्माण 13.73 लाख की लागत से किया गया है।

यहां दो कमरे, एक लेडीज टॉयलेट व स्नानागयार और एक जेंट्स टॉयलेट व स्नानागार बनाए गए हैं। इतनी ही लागत से मोहल्ला सराफान में भी शुद्दि स्थल बनाया गया है। तिरंगा



तिराहे के पास 14.50 लाख की लागत से डीलक्स पायलट बनाया गया है यहां पर महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। मोहल्ला बिरतियामें बारात घर के पास 7.50 लाख की लागत से धोबी घाट का निर्माण भी कराया गया है। इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडे ने कहा नगर में शुद्धि स्थलों का निर्माण करवा कर नगरपालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने सराहनीय कार्य किया है। इसी तरह धोबी घाट का निर्माण भी उल्लेखनीय उपलब्धि है। डीलक्स टॉयलेट से जहां महिलाओं व दिव्यांगों को सहूलियत मिलेगी वहीं राहगीरों एवं दुकानदारों की भी परेशानी खत्म हो जाएगी। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया नगरपालिका ने 25.84 लाख रुपये की लागत से शहर में तीन नए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त शौचालय बनवाए हैं।

आवास विकास कॉलोनी अटल नगर में सीवर कुआ के पास, नगर पालिका गेट के पास और पश्चिमी बाईपास तिराहा पर बने डीलक्स शौचालयों का लोकार्पण हो चुका है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह, जेई रविराज कौशल, सभासद हिमांक त्रिपाठी, संजीव चौहान, पंकज दुबे, सुशील पांडेय, दिलीप गुप्ता, सुमन पाराशर, शेर सिंह पाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, अजय चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सपा सरकार में की गई उपलब्धियों को घर-घर पहुंचायें : प्रियतेश

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी व्यापार सभा के कैंप कार्यालय में हुई बैठक में विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए सपा सरकार की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया।

बैठक में बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों, बिजली बिलों में हो रही लूट एवं आम जनता की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर ने कहा कि हम सभी लोग मिलकर जनता को जागरूक करें और समाजवादी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में किसानों, व्यापारियों, युवाओं एवं गरीबों के हित में अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए गए थे, जिन्हें जनता आज भी याद कर रही



है। उन्होंने बाजार में बने डिवाइडरों के कारण लगातार हो रहे सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को इस समस्या का जल्द समाधान करना चाहिए। यदि प्रशासन द्वारा सुनवाई नहीं की गई और सड़क चौड़ीकरण का कार्य नहीं कराया गया, तो समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मिलकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर गोविंद यादव, अरविंद गुप्ता, अवनीश गुप्ता, दीपक वर्मा, रामकुमार, सोनू एवं प्रदीप सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में सुनी गईं समस्याएं




**तीन मामलों का तत्काल हुआ समाधान**

**पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने मामलों की सुनवाई कर निष्पक्ष कार्रवाई का दिलाया भरोसा**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोतवाल कपिल दुबे ने की।

समाधान दिवस में कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद और आपसी विवादों से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी गई, जहां तीन मामलों का तत्काल समाधान करा दिया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। कोतवाल ने कहा कि सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित रजिस्टर में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत मिल सके। वहीं विशुनगढ़ थाना परिसर में थाना प्रभारी भागमल की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां भूमि विवाद से जुड़े चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने मामलों की सुनवाई कर निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान दोनों थानों में पुलिसकर्मी व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मानकों के विपरीत नाला निर्माण पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** ग्राम भरौली सिरखनेपुर में निर्माणाधीन नाले को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि नाला निर्माण कार्य मानकों के अनुसार नहीं कराया जा रहा है, जिससे भविष्य में जलभराव और टूट-फूट की समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में राम निवास यादव के दरवाजे से हनुमान की मड़ैया तक लगभग 150 मीटर तथा राम निवास के दरवाजे से नारायण के दरवाजे तक करीब 75 मीटर नाले का निर्माण कराया जा रहा है। कुल मिलाकर लगभग 225 मीटर नाला बनाया जा रहा है, जिसका विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच कराकर गुणवत्ता के अनुसार कार्य कराने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में विनीत राजपूत, अजय सिंह, राज बहादुर, सत्यदेव, सर्वेश, पवन कुमार, गौरव, सौरभ, वीरेंद्र, रिशव, महावीर, जितेंद्र, अनिल, रत्नेश यादव, राम निवास यादव और जंग बहादुर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# भा.शि.स.इं कॉलेज में मनी महाराणा प्रताप जयंती

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

महान वीर योद्धा मातृभूमि की रक्षा के लिए कभी भी झुकना नहीं सीखा ऐसे महान युग पुरूष महाराणा प्रताप के जन्मदिन को विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच बडे ही धूमधाम से मनाया गया इस दौरान समस्त स्टाफ ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

यह जानकारी भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर कन्नौज के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने दी। शनिवार को विद्यालय में आयोजित गोष्ठी में उन्होंने कहा कि महान योद्धा महाराणा प्रताप ने जीवन संघर्षों के साथ हल्दीघाटी के योद्ध का जिक्र करते हुए बताया कैसे मुगलों की सेना के दांत खट्टे कर दिये थे और बफादारी की मिशाल चेतक घोड़े ने घायल होते हुए भी अपने स्वामी की रक्षा के लिये अपने प्राण को त्याग दिया था ऐसे महान योद्धा



के जीवन को सभी छात्र छात्राओं को एक बार पढना चाहिए । प्रवक्ता प्रवेश कुमार ने बताया कि क्रांति की अलख जगाने वाले महाराणा प्रताप ने छापामार युद्ध रणनीति से अकबर की सेना को अपने जीते जी चयन से नहीं सोने दिया जिसके लिये समय आने पर उन्होंने परिवार के साथ घास की रोटी खाना मंजूर किया लेकिन कभी भी देश की आन बान शान को किसी के आगे झूकने नहीं दिया जिसकी प्रशंसा उस समय के मुगल बादशाह अकबर ने भी की। जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज व अतिरिक्त प्रभार फर्रूखाबाद का देख

**जिला विद्यालय निरीक्षक की आदेश का हुआ अनुपालन**

रहे पप्पू सरोज ने बताया कि सभी विद्यालयों में शैक्षिक पंचांग के अनुसार सभी को महान वीर योद्धाओं के जन्मदिन व उनके बलिदानों के बारे में सभी छात्र छात्राओं को जानना चाहिए कैसे भारत भूमि की रक्षा करने के समय समय महान युग पुरुषों ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया उनके जीवन संघर्षों की बदौलत आज देश सुरक्षित एंव विकास के पथ पर अग्रसारित है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार प्रवक्ता प्रवेश वर्मा राजीव कुमार, सप्त ऋषि त्रिपाठी सुनील सिंह भदौरिया अनिल कुमार योगेन्द्र प्रकाश शुक्ला अन्जना भारती अन्जना बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने सुनीं थाना समाधान दिवस में फरियादें

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

थाना कन्नौज में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, आपसी विवाद और अन्य स्थानीय मामलों से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ किया जाए, ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके। वहीं एसपी विनोद कुमार ने पुलिसकर्मियों को



**लापरवाही पर कार्रवाई की दी चेतावनी**

निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# छात्रवृत्ति से मेधावियों का सम्मान, आकाश एजुकेशन सेंटर में खुशी की लहर

**विद्यालय में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह**

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद आकाश एजुकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले एवं राज्य स्तर पर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के प्रबंधक आरके कटियार ने बताया कि कक्षा 10 के छात्र



अनीस वर्मा ने 96.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम एवं प्रदेश स्तर पर दसवां स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं अलौकिक राजपूत ने 94.83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अनुभव पांडे ने 94.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त सम्राट अग्निहोत्री ने 93.99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवां स्थान तथा जय कृष्णा ने 93.17 प्रतिशत अंकों के साथ दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चाँद लगा दिए। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में दिनांक 09 मई 2026 को ÷विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. राकेश कटियार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. आर के कटियार ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का ही परिणाम है कि विद्यालय निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर आकाश कटिहार रिद्धि नेगी बी कटिहार के अलावा विद्यालय के शिक्षक अभिभावक छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

## विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, प्रीपेड से पोस्टपेड मोड में परिवर्तित होंगे मीटर

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने की घोषणा की गई है। निगम के अनुसार आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लगाए गए सभी स्मार्ट मीटर, जो वर्तमान में प्रीपेड मोड में संचालित हो रहे हैं, उन्हें अब पोस्टपेड मोड में परिवर्तित किया जाएगा। एसडीओ विद्युत वितरण खंड गुरसहायगंज पंकज कुमार ने बताया कि इस माह की ऊर्जा खपत का बिल जून में पोस्टपेड प्रणाली के अनुसार जारी किया जाएगा। उपभोक्ताओं को अब पहले की तरह एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से बिल उपलब्ध कराया जाएगा तथा घर-घर जाकर रीडिंग और बिल वितरण की व्यवस्था समाप्त रहेगी। सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल प्रत्येक माह की 10 तारीख तक उपलब्ध करा दिए जाएंगे। एसडीओ पंकज कुमार ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं हैं या गलत दर्ज हैं, वे व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर +91 8010957826 पर संपर्क कर अपना बिल प्राप्त कर सकते हैं। नए विद्युत कनेक्शन भी अब स्मार्ट मीटर के माध्यम से पोस्टपेड मोड में जारी किए जाएंगे। बताया पूर्व में प्रीपेड मोड में समायोजित की गई सिक्योरिटी धनराशि को अब चार समान किश्तों में जोड़ा जाएगा। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 30 अप्रैल तक के बकाया बिल को 10 किश्तों में जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी तीन किश्तों में भुगतान की सुविधा मिलेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए 15 मई से 30 जून तक विशेष कैंप लगाने की घोषणा की है, जहां स्मार्ट मीटर और बिल संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा और पार्क से बदलेगी चौराहे की तस्वीर: असीम अरुण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने शनिवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर पाल चौराहे का निरीक्षण कर प्रस्तावित मूर्ति स्थापना और पार्क निर्माण कार्य की समीक्षा की। विधायक निधि से होने वाले इस निर्माण कार्य को लेकर अधिकारियों ने मंत्री को विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पार्क के स्वरूप, सौंदर्यीकरण और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना संबंधी योजना की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश



दिए कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा कराया जाए। चौराहे की सुंदरता और गरिमा बनाए रखने को लेकर मंत्री ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने आसपास लगी अव्यवस्थित और अवैध होर्डिंग्स पर नाराजगी जताते हुए उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही पार्क और प्रतिमा स्थल के आसपास स्वच्छता व आकर्षक सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने को कहा। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर न्याय, सेवा और सुशासन की प्रतिमूर्ति थीं। उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देंगे। उन्होंने कहा कि यह पार्क और प्रतिमा स्थल भविष्य में शहर की नई पहचान बनेगा।

**विधायक निधि से बनने वाले पार्क और मूर्ति स्थल का मंत्री ने किया निरीक्षण**

# अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अफसरों को मिले सख्त निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को आयोजित अपराध गोष्ठी में जनपद की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी तिर्वा व लाइंस समेत सभी थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। गोष्ठी में हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, पोक्सो, चोरी और गो-तस्करी जैसे गंभीर अपराधों की समीक्षा करते हुए वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। साथ ही पुराने और लंबित मामलों, आईजीआरएस



शिकायतों, एनसीआर, साइबर अपराध, एनबीडब्ल्यू और यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

विनोद कुमार ने थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतते हुए जनपद में कानून-व्यवस्था मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया।

# मेंहदीघाट अन्त्योष्टि स्थल की बदहाली पर भड़के डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत मेंहदीपुर स्थित मेंहदीघाट अन्त्योष्टि स्थल की बदहाल व्यवस्था पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कड़ी नाराजगी जताई। शनिवार को किए गए निरीक्षण में घाट परिसर में गंदगी, अधूरे निर्माण और अव्यवस्थित व्यवस्थाएं मिलने पर डीएम ने जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब तलब किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य बांध, घाट तक जाने वाली सीढ़ियों और परिसर में सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिली। ग्राम प्रधान से सफाई कर्मियों की तैनाती और कार्ययोजना के बारे में जानकारी मांगी गई, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। डीएम ने पाया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में



लगभग 24.23 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत अन्त्योष्टि स्थल का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। वहीं सांसद निधि से कराए गए पुराने निर्माण कार्य भी जर्जर हालत में मिले। विश्रामालय और चबूतरे क्षतिग्रस्त पाए गए तथा प्रकाश व्यवस्था का भी अभाव दिखा। अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों से वसूले जाने वाले शुल्क का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध न मिलने और शुल्क सूची प्रदर्शित न होने पर डीएम ने गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने इसे पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करने वाला मामला बताया। मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसमें उपायुक्त मनरेगा, खंड विकास अधिकारी कन्नौज, सहायक अभियंता आरईडी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को शामिल किया गया है। डीएम ने समिति को सात दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# नाले में मिला युवक का शव, ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को पीटा

- पथराव कर तोड़े वाहन, कई घायल
- शराब ठेके के सामने रखा शव, जमकर काटा हंगामा
- पुलिस ने चार महिलाओं सहित 50 से अधिक लोगों को लिया हिरासत में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चाचूपुर जटपुरा में एक युवक का शव नाले में मिलने के बाद ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर भीड़ ने पथराव और लाठीचार्ज कर कई पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया और वाहनों में तोड़फोड़ की।

जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव चाचूपुर जटपुरा में शनिवार को उस वक्त जबरदस्त हिंसा भड़क गई, जब लापता युवक ब्रजेश पुत्र बालकराम का शव नाले में मिला। जिसके बाद हत्या का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग को लेकर देसी शराब ठेके के सामने शव रखकर रास्ता जाम कर दिया। पुलिस ने जब भीड़ को हटाने का प्रयास किया तो ग्रामीण उग्र हो गए और पथराव शुरू कर दिया। आक्रोशित भीड़ ने थानाध्यक्ष की सरकारी गाड़ी को भी पलट दिया। वहीं महिलाओं ने लाठी-डंडों से पुलिस कर्मियों को पीटा तो ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इससे आबकारी विभाग की निरीक्षक समेत 10 पुलिस कर्मियों के अलावा लेखपाल, दो महिलाओं समेत तीन राहगीर घायल हो गए। एक पत्थर क्षेत्राधिकारी को भी लगा। उपद्रवियों ने पुलिस और लेखपाल के वाहनों के अलावा ठेके में भी तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान ठेके के सेल्समैन ढाई घंटे बंद रहे। पुलिस लाइन से पहुंचे भारी पुलिस फोर्स ने स्थिति को नियंत्रित कर चार महिलाओं समेत 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्थिति शांतिपूर्ण है। उपद्रवियों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।


दबिश देते पुलिसकर्मी


घायल पुलिस कर्मी का उपचार करते चिकित्सक


उपद्रवियों ने तोड़ी पुलिस की कार

सूत्रों की माने तो ब्रजेश शुक्रवार दोपहर गांव के ही शराब ठेके पर गया था, जहां उसका कुछ लोगों से विवाद और मारपीट हुई थी। इसके बाद से वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। शनिवार सुबह गांव के तिराहे के पास पुलिया के नीचे नाले में ब्रजेश का शव उतराता मिला। जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए थे। सूचना मिलने पर नवागंतुक थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, निरीक्षक स्वदेश कुमार आदि पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे और जाँच शुरू की थी। इस दौरान ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष का फोन छीन लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट व पथराव शुरू कर दिया। ग्रामीणों की संख्या देखकर पुलिसकर्मी मौके से भाग खड़े हुए। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रीश कुमार, सीओ अमृतपुर ऐश्वर्या उपाध्याय आदि मौके पर आ गये। ग्रामीणों ने थाना कादरी गेट की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर दी। मृतक ब्रजेश के पिता बालकराम मजदूरी करते हैं। मां सावित्री देवी और भाई संजय व कल्याण का रो-रोकर बुरा हाल है।

### उपद्रवियों की पहचान कर की जायेगी कार्यवाही: एसपी

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पर हमला करने वालों और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है।

### दो पुलिसकर्मियों की हालत स्थिर

**फर्रुखाबाद।** सिर और पैर में चोट लगने के बाद दोनों दरोगाओं को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि नागेंद्र सिंह के सिर में गहरी चोट के कारण तीन टांके आए हैं और उनके पैर में भी चोट लगी है। वहीं, कपिल कुशवाहा के सिर में एक टांका लगा है। प्राथमिक उपचार के बाद फिलहाल दोनों पुलिसकर्मियों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

**कार्यवाही को लेकर शराब ठेके के सामने रखा शव**

**फर्रुखाबाद।** परिजनों ने आरोप लगाया कि ब्रजेश की हत्या कर शव को तालाब में फेंका गया है। परिजन आरोपियों पर कार्यवाही की मांग करने लगे। पुलिस जब मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश की, तो ग्रामीण गुस्सा हो गए। पुलिस की सख्ती से नाराज ग्रामीणों ने शव को उठाकर गांव के देसी शराब ठेके के सामने रख दिया और उसे तुरंत बंद करने की मांग करने लगे। परिजनों का कहना था कि इसी ठेके के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है और उनके बेटे की जान गई है।

**ग्रामीणों ने पुलिस पर किया पथराव, पलटी कार**

**फर्रुखाबाद।** प्रभारी थानाध्यक्ष ने जब भीड़ को समझाने और कानून हाथ में न लेने की हिदायत दी, तो माहौल और तनावपूर्ण हो गया। देखते ही देखते भीड़ ने ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव शुरु कर दिया। अचानक हुए इस हमले में प्रभारी थानाध्यक्ष सहित कई लोग घायल हो गये। उपद्रवियों ने थानाध्यक्ष की सरकारी जीप को भी पलट दिया। स्थिति बेकाबू होते देख आसपास के कई थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी को मौके पर बुलाया गया।

**पहुंचते ही शुरू हो गया था पथराव: बस स्टैण्ड चौकी प्रभारी**

**फर्रुखाबाद।** घायल रोडवेज बस स्टैंड चौकी प्रभारी कपिल कुशवाहा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बस स्टैंड पर एक कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम खत्म होने के तुरंत बाद उन्हें इस हंगामे की सूचना मिली। जब वह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, तो वहां पहले से ही पत्थरबाजी हो रही थी। इसी अफरातफरी में एक पत्थर सीधे उनके सिर पर आकर लगा।

**गांव में पुलिस की दबिश जारी**

**फर्रुखाबाद।** पथराव और तोडफोड़ के बाद गांव के कई लोग गिरफ्तारी के डर से घर छोड़कर भाग गए हैं। पुलिस वीडियो फुटेज और चश्मदीदों के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर रही है। अधिकारियों ने साफ किया है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# लोडर की टक्कर से घायल किशोर की उपचार के दौरान मौत

**कम्पिल/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



लोडर की टक्कर से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें लोहिया रेफर किया गया। इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव हजरतगंज निवासी वरुण कुमार ने बताया कि शुक्रवार दोपहर दो बजे उनके भाई अवधेश का तेरह वर्षीय पुत्र कुनाल जीत शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे खेत से वापस जा रहा था। हजरतगंज तिराहे पर सिवारा की तरफ से आ रहे लोडर ने किशोर के टक्कर मार दी। सिर फटने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन किशोर को इलाज के लिए सीएचसी ले गए। स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से चालक व लोडर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस लोडर व चालक को थाने ले आई। जहां से उन्हें लोहिया रेफर किया गया। शुक्रवार देर रात किशोर की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतक की मां विनीता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक चार भाई बहिनों दुर्गा, शाहा व नवजीत में सबसे छोटा था। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला बदर श्यामू पाल को पुलिस ने जनपद की सीमा से किया बाहर

**कायमगंज,समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डा0 अंकुर राठर के आदेश और पुलिस अधीक्षक आरती सिह के निर्देशन में अपराध एव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के ग्राम नगला बिलौना निवासी शातिर अपराधी श्यामू पाल को जिला बदर घोषित कर उसके गांव जाकर उसे लेकर जनपद की सीमा ब्राहिमपुर पहुंची। वहां सार्वजनिक रूप से डुगडुगी बजवाकर मुनादी कराई गई और आरोपी को हिदायत दी गई कि वह निर्धारित अवधि तक जिले की सीमा में प्रवेश न करे। इसके पश्चात पुलिस ने उसे जनपद एटा के अलीगंज सीमा की ओर रवाना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि श्यामू पाल एक आदतन अपराधी है और उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया गया है।


आरोपी को जिला बदर करती पुलिस

- बाजा बजवाकर जिले में प्रवेश न करने की दी हिदायत

# क्लस्टर-4 की अण्डर-17 की फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल की सेन्ट्रल कमाण्ड की क्लस्टर-4 की अण्डर-17 की फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ रमन स्टेडियम में दीप प्रज्ज्वलन और मन्त्रोचार के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन स्टेशन कमाण्डर सिखलाई रेजीमेंट सेंटर के ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन रहे। एनसीसी कैडिट ने ईमानदारी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने सभी टीम के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा टीम मैनेजर से हाथ मिलाकर परिचय लिया। उसके बाद फुटबॉल में किक मारकर प्रतियोगिता के शुभारम्भ की आधिकारिक घोषणा की। प्रतियोगिता का पहला लीग मैच आर्मी पब्लिक स्कूल एलबीएस मार्ग लखनऊ और आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली के बीच हुआ। जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली ने आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ को 1-0 से हराया। दूसरा लीग मैच आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ और आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ के बीच हुआ। जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ ने आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ को 1-0 से मात दी। रविवार 10 मई को प्रातः 7 बजे आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ और आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली के बीच लीग मैच खेला जायेगा।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि

# बेटे व बहू ने बुजुर्ग मां को पीटा, अस्पताल में भर्ती

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपनी बुजुर्ग मां को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिन्हे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जानकीपुर निवासी मुरली देवी पत्नी सुरेश चंद ने बताया कि किसी बात को लेकर घर में कहासुनी हुई थी, जिसके बाद बेटे और बहू ने तैश में आकर मां को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। घायल मुरली देवी को उनके पति सुरेश चंद ने तुरंत नवाबगंज के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि महिला को गंभीर चोटें आई हैं और उनका उपचार जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। तहरीर मिलते ही संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


जानकारी देती पीड़िता

# गरीब परिवार का सहारा बने समाज के लोग, बेटी को किया विदा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गरीब परिवार का सहारा बने युवा नेता ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर धूमधाम से बेटी का विवाह का खुशी-खुशी उपहार देकर विदा किया। बेटी के विदा होने पर मां की आंखे भर आयी और बोली यह लोग न होते तो शायद हम अपनी बिटिया की शादी नहीं कर पाते।

नवाबगंज के ग्राम धोबियन नगला निवासी एक गरीब परिवार की बेटी लवली के सिर से पिता अरविंद राजपूत का साया दो माह पूर्व बीमारी के चलते उठ गया। पिता की मौत के बाद परिवार की जीविका के लिए मां नेमबती मेहनत मजदूरी करने लगी। 6 बहनों के बीच एक भी भाई नहीं है। ऐसे कठिन समय में उस बहन का भाई बनकर अतुल कठेरिया ने शादी की हर रस्म निभाने का प्रयास किया। वहीं पिता का फर्ज धर्मेंद्र शाक्य उर्फ देवेंद्र ने निभाया।

समाज के तमाम लोगों ने भी भरपूर सहयोग देने का काम किया। समाज से जो भी सहयोग प्राप्त हुआ, उसे जोड़कर हम दोनों ने अपने पास से कई गुना अधिक खर्च करने का कार्य किया, ताकि बहन की शादी में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। मुख्य सहयोगी धर्मेंद्र शाक्य उर्फदेवेंद्र, अतुल कठेरिया के अलावा आलोक गौतम, दिनेश कश्यप, गौरव सक्सेना, मोनू पाल, जितेंद्र यादव, कोमल गुप्ता, रजनीश शाक्य, डॉ0 अजयपाल जाटव, हलवाई अरमान शाक्य, ब्यूटी पार्लर जूली राठौर एवं समाज के लोग शामिल रहे।


वर वधू को भगवान बुद्ध का चित्र भेंट करते धर्मेन्द्र शाक्य

## दस लाख की साइबर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से 13 हजार रुपये की नगदी व अन्य सामग्री बरामद हुई। जानकारी के अनुसार साइबर क्राइम निरीक्षक जोगन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी महेन्द्रपाल सिंह पुत्र आशाराम निवासी नेकपुर कलां कोतवाली फतेहगढ़ की लिखित तहरीर सरिया बेचने वाली कपंनी से सरिया मंगवाने के लिए गुगलसर्च से प्राप्त मोबाइल नम्बर पर संपर्क करने पर अभियुक्तों द्वारा वादी को फर्जी फर्म इनवाइस बनाकर व्हाट्सएप के जरिये भेजा गया तथा सरिया भेजने के लिए 10,10,750/–रुपए एडवांस के रूप में नेट बैंकिंग से विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराकर साइबर ठगी की गयी तथा उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा विभिन्न लोगों से धनराशि मंगाने के लिये लोगों को कुछ रूपयों का लालच देकर उनके बैंक खातों का एटीएम लेकर लगातार ठगी की जा रही थी। आरोपियों की निशानदेही से 4 मोबाइल, 13 डेविट कार्ड, 9 सिम व 13 हजार रुपये की नगदी तथा 2 चेकबुक व एक नोटबुक बरामद हुई।


पुलिस हिरासत में आरोपी

# कंपिल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था बदहाल

- टीका लगवाने आये मरीजों को लौटाया वैरंग

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र मानी जाने वाले कंपिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था लगातार सवालों के घेरे में है। डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहे अस्पताल में अब वैक्सीनेशन व्यवस्था पर भी गंभीर आरोप लगने लगे हैं। शनिवार को टीका लगवाने पहुंचे लोगों को वैक्सीन न होने की बात कहकर लौटा दिया गया, जबकि अस्पताल कर्मियों ने ही अंदरखाने अलग दावे कर दिए। करीब 200 से अधिक गांवों की आबादी के लिए बने इस 30 बेड के अस्पताल में लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधाएं पटरी पर नहीं आ पा रही हैं।

शनिवार सुबह नगर व गांव के कई लोग वैक्सीन लगवाने सीएचसी पहुंचे थे, लेकिन अस्पताल कर्मियों ने वैक्सीन उपलब्ध न होने की बात कहकर उन्हें वापस कर दिया। इससे लोगों में नाराजगी फैल गई। दूरदराज गांवों से आए कई लोगों को बिना टीकाकरण कराए लौटना पड़ा। नगर निवासी आलोक व गांव कुंवरपुर निवासी कविता देवी, निजामुद्दीनपुर निवासी शाहना बेगम ने बताया कि वह तीन चार दिन से मासूम को कंपित सीएचसी में लेकर आ रहे हैं। शनिवार सुबह लगभग बारह बजे उन्हें वैक्सीन न होने की बात कहकर वापस कर दिया गया। हालांकि अस्पताल के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर दावा किया कि सीएचसी में वैक्सीन मौजूद है, लेकिन स्टाफ के तानाशाही रवैये के कारण लोगों को टीका नहीं लगाया जा रहा। कर्मचारी के अनुसार सुबह से कई लोग वैक्सीनेशन के लिए पहुंचे थे, लेकिन सभी को बैरंग लौटा दिया गया। वहीं गांव शाहपुर गंगापुर निवासी कलियान शुक्रवार शाम को अपनी गर्भवती पत्नी सिया देवी को प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें अगले दिन आने के लिए कह दिया गया। शनिवार सुबह पहुंचे दंपति को दोपहर तक बैठने के बाद मौजूद स्टाफ नर्स ने उन्हें कोई सुविधा का हवाला देकर उन्हें निजी अस्पताल ले जाने के लिए बोल दिया। सीएचसी में माइनर ओटी, प्लास्टर कक्ष, महिला चिकित्सक कक्ष, ड्रेसिंग रूम, दंत चिकित्सा कक्ष और टेक्नीशियन कक्ष जैसे कई कमरों पर अधिकतर समय ताले लटके रहते हैं। एक्सरे टेक्नीशियन होने के बावजूद मशीन नहीं है, जबकि पैथोलॉजी सेवाएं भी लगभग ठप हैं। सीबीसी मशीन धूल फांक रही है। मामूली दुर्घटना में घायल मरीजों को भी कायमगंज रेफर करना पड़ता है। महिला स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। अस्पताल में महिला डॉक्टर और पर्याप्त स्टाफन होने से अधिकांश प्रसूताओं को कायमगंज रेफर कर दिया जाता है। प्रसव के लिए चार एएनएम की जरूरत है, लेकिन केवल एक एएनएम तैनात है। 30 बेड वाले अस्पताल में अब केवल पांच बेड ही उपयोग में हैं। उन पर भी चादर तक उपलब्ध नहीं है और मरीजों को घर से व्यवस्था करनी पड़ती है। प्रसव के लिए मना किए जाने के मामले पर चिकित्साधिकारी कायमगंज डॉ0 विपिन कुमार ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चिकित्साधिकारी डॉ0 हिमांशु शाक्य ने बताया कि फिलहाल अस्पताल में वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। वैक्सीन आने के बाद टीकाकरण शुरू कराया जाएगा।


खाली पड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

- लाभार्थियों को सहायता सामग्री व स्वीकृति पत्र किये वितरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार/प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता सामग्री एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कृषि विभाग के सौजन्य से एक कृषक को ट्रैक्टर तथा एक कृषक को रोटावेटर प्रदान किया गया। पर्यटन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।

उद्योग विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड के रूप में कुल 51.90 लाख रुपये की धनराशि के चेक वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत दो लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा दो लाभार्थियों को हियरिंग मशीन वितरित की गई। प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सहायता योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। श्रम विभाग की मातृत्व एवं शिशु हितलाभ योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी 31 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। मत्स्य विभाग की मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत एक लाभार्थी को 1,47,680 रुपये का चेक प्रदान किया गया। राजस्व विभाग की मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी पांच लाख रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए तथा पांच लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समीक्षा बैठक में मंत्री ने विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है, उनके संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाया जाए। मंत्री ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा एवं औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नलकूप विभाग द्वारा स्थापित किए जा रहे नलकूपों की बोरिंग की गहराई की जांच कराने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने एनएचएआई द्वारा निर्मित की जा रही बेवर-फर्रुखाबाद सड़क परियोजना के अधूरे कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए परियोजना निदेशक एनएचएआई को निर्देशित किया कि जिलाधिकारी के साथ बैठक कर सभी लंबित एवं अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। मंत्री ने मड़ैयन घाट पुल के पहुंच मार्ग हेतु बाईपास के सर्वेक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधानसभा वार विकास कार्यों की सूची तैयार कर संबंधित जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए, जिससे विकास कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर सांसद, विधायक अमृतपुर, विधायक भोजपुर, विधायक कायमगंज, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


कृषक को चॉकी देते प्रभारी मंत्री

## अवैध ई-टिकट बेंचने के मामले में युवक गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ और कासगंज सीआईबी की संयुक्त टीम ने रेलवे के आरक्षित ई-टिकटों के अवैध कारोबार का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 20 हजार रुपये मूल्य के 10 ई-टिकट बरामद किए गए हैं। आरपीएफथाने के निरीक्षक ओपी मीणा और सीआईबी कासगंज के सुभाष चंद्र के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे कमालगंज के नगला दाउद स्थित मोहम्मद समी के घर छापा मारा। तलाशी के दौरान उसके मोबाइल फोन से आरक्षित ई-टिकट बरामद हुए 20 हजार रुपए से अधिक के टिकट मिले। जांच में आरोपी के पास से 20,020 रुपये 75 पैसे मूल्य के कुल 10 ई-टिकट मिले। इनमें 17,753 रुपये 90 पैसे मूल्य के सात टिकटों की यात्रा पूरी हो चुकी थी, जबकि 2,266 रुपये 75 पैसे मूल्य के तीन टिकटों पर यात्रा शेष थी। आईआरसीटीसी आईडी से टिकट बनाता था। आरपीएफ इंस्पेक्टर ओपी मीणा ने बताया कि आरोपी मोहम्मद समी आईआरसीटीसी की व्यक्तिगत यूजर आईडी का इस्तेमाल कर ग्राहकों की मांग के अनुसार तत्काल, प्रीमियम तत्काल और सामान्य श्रेणी के रेल आरक्षित ई-टिकट बनाता था। 100 से 200 रुपये अतिरिक्त लेकर बेचता था। टिकट पुलिस के अनुसार आरोपी टिकट बनाने के बदले ग्राहकों से 100 से 200 रुपये अतिरिक्त वसूलता था। अवैध कारोबार में इस्तेमाल किया गया। मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। आरपीएफने आरोपी मोहम्मद समी के खिलाफरेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है एवं उसके सहयोगी एवं एवं यह कार्य करने में उसके तार कहां से जुड़े हुए हैं पुलिस विस्तृत जांच कर रही है।


आरोपी युवक

# जयवीर सिंह ने किया महाराणा प्रताप की जयंती पर मूर्ति का अनावरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के प्रभारी व प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने रोडवेज परिसर में स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया। कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आज गौरव का दिन है कि जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया है। राष्ट्र भक्त महाराणा प्रताप देश के गौरव है। उन्होंने राष्ट्रद्रोही, गद्दारी का जीवन जीने वालों एवं तुष्टिकरण करने वालों को पहचान कर सावधान रहने की बात कही। उन्होंने जिले की 12 करोड़ 25 लाख की परियोजनाओं का अनावरण किया। तथा 29 करोड़ की की नवीन परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्ष के रास्ते पर चलने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय जात नहीं धर्म है जो गरीबों की रक्षा करते हैं। महाराणा प्रताप की मूर्ति लोगों को प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री की तबियत खराब होने के कारण वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाये। पर्यटन मंत्री ने रोडवेज बस स्टेशन पर मूर्ति लगाई जाने की एनओसी देने के लिए मंत्री दयाशंकर सिंह को धन्यवाद दिया। पर्यटन मंत्री ने महाराणा प्रताप अमर रहे के नारे लगवाए और महाराणा प्रताप की मूर्ति लगने के सम्मान में लोगों से मोबाइल की लाइट जलाने को कहा। सांसद मुकेश राजपूत ने अनुरोध पर मूर्ति लगाई जाने की मंजूरी एवं अनावरण करने के लिए पर्यटन मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मुगलिया सल्तनत से लम्बा संघर्ष किया, जंगल में घास की रोटी खाई, लेकिन कभी भी सम्मान से समझौता नहीं किया। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा कि पर्यटन मंत्री की छवि बढ़ती जा रही है, पुरानी घटिया घाट के सौंदर्यीकरण उन्ही की देन है। महाराणा प्रताप को स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने कभी मान सम्मान के लिए झुकना स्वीकार नहीं किया।




कार्यक्रम में मौजूद मंत्री जयवीर सिंह व अन्य




जयवीर सिंह का स्वागत करते वीरेन्द्र सिंह राठौर आदि

**12.25 करोड़ की परियोजनाओं का भी किया अनावरण**

मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने पर्यटन मंत्री से गंगा प्रोजेक्ट का निर्माण कराने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान मंच पर विधायक सुशील शाक्य, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, विधायक डॉ. सुरभि, विधायक मानवेंद्र सिंह रानू, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सल अग्रवाल, भाजपा नेत्री मिथिलेश अग्रवाल, राघवेंद्र सिंह उर्फराजू, जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह आदि लोग मौजूद रहे। संचालन संयोजक वीरेंद्र सिंह राठौर ने किया। इस मौके पर महेश पाल सिंह उपकारी, रामबहादुर सिंह, डीएस राठौर, अश्नील दिवाकर, बबिता पाठक, किरन सिंह, मीरा सिंह, सुमन राठौर, मीना मिश्रा, प्रीती तिवारी, श्वेता दुबे, रमला राठौर, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, संजय गर्ग, अनिल श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह, रामवीर सिंह, शिवम दुबे, अमन अवस्थी, अनिल तिवारी, वैभव सोमवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

## ले. गिरिजा शंकर एनसीसी के बने कैप्टन



एनसीसी अधिकारी गिरिजा शंकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीजी एनसीसी नई दिल्ली, यूपी डाइरेक्ट्रेट लखनऊ ग्रुप मुख्यालय अलीगढ़ के आदेशानुसार एमआईसी फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर की पदोन्नति अब कैप्टन पद पर कर दी गई है। यह सूचना 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल एस मलिक (वीएसएम) द्वारा प्रधानाचार्य गिरिज शंकर को दी गई। उन्होंने बताया कि डीजी एनसीसी नई दिल्ली से लेफ्टिनेंट कर्नल आशीष श्रीवास्तव द्वारा पत्र जारी कर बटालियन को अवगत कराया गया है। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एएस मालिक द्वारा पत्र जारी कर 16 मई को सभी एनसीसी अधिकारियों को रैंक सेरेमनी में उपस्थित रहने हेतु निर्देश प्रदान किए गए हैं। लेफ्टि गिरिजा शंकर को ये पदोन्नति 26 फरवरी 2026 को दी जानी थी, परंतु आरडीसी परेड तथा विभिन्न कार्यों की व्यस्तता के चलते पदोन्नति की सूचना बिलम्ब से प्राप्त हुई। रैंक सेरेमनी में गिरिजा शंकर को कमान अधिकारी एएस मालिक तथा एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खरोड द्वारा तथा तीन स्टार पहनाकर कैप्टन पद प्रदान किया जाएगा। बटालियन के अधिकारियों तथा पीआई स्टाफद्वारा प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर को लेफ्टिनेंट से कैप्टन बनने पर बधाई दी। प्रधानाचार्य के कैप्टन पद पर पदोन्नति की सूचना पाकर उनको विद्यालय के गणित प्रवक्ता अरविंद कुमार, अंग्रेजी शिक्षक विश्वप्रकाश, प्रवल प्रताप सिंह, डॉ0 दिनेश चंद्रा, निरुक्त मिश्रा आदि शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर व बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गिरिजाशंकर ने अपना सम्पूर्ण समय छात्र हित तथा विद्यालय हित के लिए समर्पित कर देने की बात कही। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# शिव-पार्वती विवाह का वर्णन सुन भावुक हुए श्रोता



कथा व्यास का स्वागत करती परीक्षित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र के नागला बारग में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथाव्यास ने भगवान शंकर के विवाह की कथा का रसपान कराया। जिसे सुन श्रोता भावुक हो गये। नगर पंचायत क्षेत्र के गांव नगला बारग में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया।आयोजक समस्त ग्रामवासी रह रहे हैं। जिसमें श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में परीक्षित के रूप में विनोद कुमार यादव तथा परीक्षित स्नेह लता यादव रही। शास्त्री नीलमदेवी फिरोजाबाद के मुखारविंद से भगवान भोले शंकर के विवाह की लीला का रसपान कराया। भक्तों ने भगवान भोले शंकर के विवाह का वर्णन सुना।

**श्रीमद् भागवत कथा**

क्षेत्र के अधिकतर ग्रामवासी ग्राम नगला बारग, जफर नगर, नगला दुर्गा, नगला जोधा, जोगपुर आदि कई ग्रामों के लोग श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में पहुंचकर भगवान की भक्ति का आनंद लेते हैं। इस मौके पर साधो सिंह, उदयवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, जयवीर सिंह यादव, पंकज यादव, नरबीर सिंह यादव, राजवीर सिंह, गुड्डू, जगराम सिंह यादव, अतुल कुमार, राजेश कुमार यादव, लोकेश कुमार, भंवर सिंह यादव, जितेंद्र सिंह यादव, रामबाबू यादव, श्रीनिवास यादव आदि मौजूद रहे।

# सौ रुपये कुंतल उछाल के साथ बिका आलू



मण्डी में लगे आलू के पैकेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर आलू मंडी में आमद दोगुनी होने पर भी भाव में लगभग 100 रुपए का उछाल रहा। एशिया प्रसिद्ध आलू मंडी सातनपुर में पिछले लगभग एक महीने से एक जैसा ही भाव देखने को मिला, जो सफेद आलू 201 रुपए से 401 रुपए प्रति कुंतल में बिक्री होती रही थी, लेकिन बरसात होने से भीषण गर्मी से राहत मिलने व बाहिरी मंडियों से मांग के चलते 100 रुपए प्रति कुंतल तक की उछाल रहा। 301 से 501 रुपए प्रति कंतल में सफेद हाईब्रिड आलू व लाल हालैंड आलू पिछले दिनों 501 से 601 रुपए बिकने वाला आलू शनिवार को 601 से 751 रुपए प्रति कुंतल में बिका है, जबकि पिछले दिनों आमद 30 से 40 मोटर रही थी, और शनिवार को दोगुनी लगभग 80 मोटर आमद होते हुए भी 100 रुपए का उछाल रहा। बिकवाली अच्छी होने से एक घंटे में सभी आलू की बिक्री हो गई।

# 15 मई को डीएम प्रांगण में होगा आंदोलनः अजय कटियार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में बन रहे लिंक एक्सप्रेसवे में किसानों की जा रही जमीनों के सर्किल रेट, कटो पर ज्यादा जमीनों का अधिग्रहण एवं किसानों के मकानों के समीप से निकलने को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी, अफरोज मंसूरी के साथ राजेपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा तेराखास, बिलालपुर, एवं गांधी में बैठके की।

अरविंद शाक्य ने कहा कि 2013 से सांसद और विधायकों की सैलरी जितनी बार बढ़ी, लेकिन किसानों की जमीनों के रेट 2013 से अभी तक नहीं बढ़े। जिससे किसान लिंक एक्सप्रेसवे में जमीनें नहीं देगा। लक्ष्मी शंकर जोशी ने कहा कि पूरे जनपद से बहुत बड़ी संख्या में किसान अपने हक के लिए प्रशासन से दो-दो हाथ करने के लिए 15 मई को जिला अधिकारी प्रांगण में पहुंचेंगे। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि जनपद का किसान अब जागृत हो चुका है वह अब किसके बहकाने में नहीं आने वाला वह अब अपने हक के लिए लड़ने के लिए तैयार है। जिला प्रशासन ये न समझे कि लिंक एक्सप्रेसवे में सिर्फ जनपद का ही किसान लड़ेगा ऐसा नहीं है, लिंक एक्सप्रेसवे में जनपद का ही नहीं पूरे प्रदेश एवं जरूरत पड़ी तो राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता भी पहुंचेंगे। इस मामले पर राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ राकेश टिकैत की पैनी नजर है। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल मिश्रा, संजीव सोमवंशी, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, अनीस सिंह, सोनू सोमवंशी, रामरूप, संजीव गंगवार, अजीत सोमवंशी आदि उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद भाकियू नेता

## गर्ल्स एनसीसी कैडेट्सों ने मनाई ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ




कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व अतिथि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** 4यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी फतेहगढ के कमान अधिकारी कर्नल विजेंद्र शारदा के निर्देशन में सब यूनिट शकुंतलम देवी बालिका इंटर कॉलेज कायमगंज की एनसीसी कैडटस द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मनाई गई। कैडटस स्नेहा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर विचार रखे गए। विधालय की प्रबंधिका मोनिका अग्रवाल ने कैडटस को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाना और उनके बुनियादी ढांचे को ध्वस्त, करना था। एनसीसी सह अधिकारी लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा ने बताया की ऑपरेशन सिंदूर, सिंदूर सिर्फएक सुहाग की निशानी नहीं, यह हमारी सेना की ताकत और हौसले का प्रतीक है। इस मौके पर ममता सिंह, संतोष शर्मा, सायना खान, मनीष गौर, विकास श्रीवास्तव, लक्ष्मी गंगवार आदि उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के नोडल अधिकारी बने प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा एमआईसी फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजन को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यालय स्तर, ब्लॉक स्तर, जनपद स्तर पर, आयोजन कराए जाने के विस्तृत निर्देश प्रदान किए गए हैं। अंतर्गत राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजन कराए जाने हेतु गिरिजा शंकर को नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया गया है कि शिक्षा निदेशक के द्वारा उक्त निर्देश पत्र में दी गई गाइडलाइन के अनुसार जनपद में संचालित समस्त माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन विद्यालय स्तर, से जनपद स्तर तक सक्रिय सहभागिता के साथ प्रचार प्रसार करते हुए निर्धारित तिथियों के अनुसार कराना सुनिश्चित करें। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ0 महेंद्र देव तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार एमआईसी फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को 10 से 17 वर्ष आयु के मध्य वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा निदेशक के आदेश को सफल बनाने के लिए विगत 30 वर्षों से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में इसे अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश की नोडल एजेंसी इंडियन साइंस कम्युनिकेशन समिति लखनऊ को नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालय, समस्त शिक्षा बोर्ड के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर सूचित किया गया है कि इस वर्ष बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टेनेबिलिटी निर्धारित किया गया है। बाल विज्ञान कांग्रेस के कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार है। विद्यालय स्तर पर अप्रैल से 15 जुलाई तक, संबंधित विद्यालयों में प्रधानाचार्य द्वारा आयोजन कराया जाना है। ब्लॉक स्तर पर 16 जुलाई से 31 अगस्त तक, ब्लॉक आयोजन समिति द्वारा संबंधित ब्लाक स्तर पर, जनपद में सितंबर से 31 अक्टूबर तक जिला आयोजन समिति द्वारा संबंधित जिला स्तर पर, राज्य में नवंबर में 15 दिसंबर तक राज्य आयोजन समिति द्वारा आयोजन स्थल विचाराधीन, राष्ट्रीय स्तर पर दिसंबर 2026 जनवरी 2027 राष्ट्रीय आयोजन समिति द्वारा आयोजन स्थल विचाराधीन है।



प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर का स्वागत करते शिक्षक



शरबत वितरित करती शकुंतला देवी

## हज़रत दूल्हा शाह बाबा के उर्स पर सबील लगाकर वितरित किया गया शरबत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला बड़ा बंगशपुरा स्थित खानकह हज़रत दूल्हा शाह बाबा के सालाना उर्स मुबारक के मौके पर सबील का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने पहुंचकर लोगों को शरबत वितरित किया। उर्स में आये हुए लोगों ने उमस व गर्मी के चलते शरबत पीकर प्यास बुझाई। जिसका इंतजाम लुईस खुर्शीद द्वारा किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में कमेटी के पदाधिकारियों ने पहुंचकर शरबत बांटने में सहयोग किया। इस मौके पर आसिफभाई, ताज खान, पुन्नी शुक्ला, मोबीन अंसारी, अंकुर मिश्रा, शिवाशीष, हिलाल शफीकी, राशिद आलम, अतीक सलमानी, ताज खान, नजर खान, ज़ुबैर अहमद, सलमान अंसारी, फरमान खान, इमरान खान आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज में चमकी जनपद की बेटी, प्रतिष्ठा यादव ने जीता कांस्य पदक

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

थाना कंपिल क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खास, ब्लॉक कायमगंज की प्रतिभाशाली बेटी प्रतिष्ठा यादव ने शुक्रवार को प्रयागराज में आयोजित 29वीं उत्तर प्रदेश राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठा की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच प्रतिष्ठा यादव ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, मेहनत और अनुशासन का परिचय देते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में उनके दमदार प्रदर्शन की खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने जमकर सराहना की। प्रतिष्ठा यादव की सफलता की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और प्रतिष्ठा को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्रतिष्ठा ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी मेहनत और लगन के दम पर बड़े मंचों पर सफलता हासिल कर सकती हैं। प्रतिष्ठा यादव के चाचा अमरीश यादव ने बताया कि वर्तमान में प्रतिष्ठा अपने पिता के साथ जनपद लखीमपुर में रह रही हैं और वहीं रहकर पढ़ाई के साथ-साथ खेल की तैयारी भी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठा बचपन से ही खेलों में रुचि रखती थीं और लगातार कठिन अभ्यास तथा आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। बताया गया कि प्रतिष्ठा यादव के पिता देवेंद्र कुमार लखीमपुर जनपद में पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबिल के पद पर तैनात हैं। पुत्री की सफलता पर उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठा की सफलता पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय है और उन्हें उम्मीद है कि वह भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। प्रतिष्ठा यादव की यह उपलब्धि जिले के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में प्रतिष्ठा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर फर्रुखाबाद और उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगी।




विजेता प्रतिष्ठा यादव

# महाराणा प्रताप की जयंती पर राजपूत करणी सेना ने निकाली यात्रा

**जगह-जगह हुआ स्वागत, रोडवेज बस स्टैण्ड पर पहुंचकर किया माल्यार्पण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती और मूर्ती अनावरण कार्यक्रम पर श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह राठौड़ व जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान टीम और करणी सैनिकों के साथ मिलकर टाउन हॉल से महाराणा प्रताप की जयंती पर यात्रा शुरू की और महाराणा प्रताप मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचे। जिसमें सर्व समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। जगह-जगह करणी सैनिकों का स्वागत किया गया। महाराणा प्रताप मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में पर्यटन एवं सांस्कृतिक व जिला प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्रप्रेम को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हिंदू महासभा के प्रदेश युवा अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, अनिल द्विवेदी, बजरंग दल सनी गुप्ता, शिवम गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, अमन राठौर, रुद्र सिसोदिया, अभिषेक राठौर, कीर्तिबर्धन सिंह, ऋषभ राठौर व सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।



माल्यार्पण के दौरान समाज के लोग

# आर्मी पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व रेडक्रास दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में विश्व रेडक्रास दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने अभिनय के माध्यम से आवश्यक प्राथमिक उपचार के बारे में बताया तथा रक्तदान की आवश्यकता के महत्त्व पर बल दिया।

पोस्टर मेकिंग और फर्स्ट एड बाक्स मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने सभी के प्रति दयालु और स्नेहपूर्ण रहें तथा कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने लोगों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करें विषय पर खूबसूरत पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने फर्स्ट-एड बाक्स बनाये। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहला विश्व रेडक्रास दिवस 8 मई 1948 को मनाया गया था। यह तिथि अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रास समिति के संस्थापक और प्रथम नोबेल शान्ति पुरस्कार विजेता हेनरी डुनेंट के जन्मदिन के सम्मान में चुनी गई थी। इस अवसर पर पूर्णिमा अग्निहोत्री, डॉ. शिवाली वर्मा, आस्तिकी मिश्रा, अनूपा अग्निहोत्री तथा डॉ. नैन्सी मौजूद रही।




कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

## बोलेरो की टक्कर से अधेड़ घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज कस्बे में शनिवार सुबह तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। घायल को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कस्बे के अशोक नगर निवासी महादेव शनिवार सुबह मुख्य चौराहे के पास दूध लेने गए थे। इसी दौरान कानपुर से फर्रुखाबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे घटना स्थल पर अफरातफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों और राहगीरों की मदद से घायल महादेव को तुरंत कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां पर तैनात डॉक्टर विकास पटेल ने घायल महादेव का प्राथमिक उपचार किया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और कस्बे के अन्य लोग भी अस्पताल पहुंच गए। घायल के पुत्र संतोष ने बताया कि बोलेरो चालक घटना के बाद वाहन सहित फरार हो गया, हालांकि उन्होंने गाड़ी का नंबर देख लिया है संतोष ने कहा कि उपचार के बाद चालक के खिलाफतहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। वहीं इस पूरे मामले पर थाना अध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि अभी तक उन्हें कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई, तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# एक्शन-टेसा ने टेसा सलाम के साथ मनाया कारपेंटर्स मेगा मीट

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत में एमडीएफ, एचडीएचएमआर/ बाय्लो बोर्ड, पार्टिकल बोर्ड, लैमिनेटेड वुडेन फ्लोरिंग जैसे इंजीनियर्ड पैनल उत्पादों का सबसे बड़ा निर्माता और लकड़ी पैनल उद्योग में अग्रणी एक्शन-टेसा ने देशव्यापी उत्सवों की एक श्रृंखला के साथ मेगा कारपेंटर्स मीटिंग का बड़ा आयोजन रेलवे रोड स्थित प्रसिद्ध होटल मोहन मे किया।

मीटिंग मे अमिताभ घोशाल जीडीजीएम, शांतनु प्रताप सिंह ब्रांच मैनेजर, ईस्टयूपी मार्केटिंग टीम एवम डिस्ट्रीब्यूटर विजय मिश्रा प्रो.त्रिमूर्ति इंटरप्राइजेज ने सभी कारपेंटर्स भाईयों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री घोशाल ने कहा कि यह आयोजन उन कारपेंटर्स के अमूल्य योगदान को मान्यता देने के लिए समर्पित है, जिनकी कारीगरी देश भर के अनगिनत घरों और व्यवसायों में सुंदरता और कार्यक्षमता लाती है। इस कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से एक्शन-टेसा ने कारपेंटर्स की कारीगरी को मान्यता देने के साथ-साथ उन्हें उभरती तकनीकों और नवाचारी डिज़ाइन तकनीकों के बारे में जानने का एक मंच प्रदान किया। एक्शन टेसा के ब्रांड दर्शन के अनुरूप है, जो अतुलनीय गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर जोर देता है। पिछले एक दशक से कंपनी इन मीटिंग के माध्यम से कारपेंटर्स को मूल्यवान जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, जिससे ब्रांड और लकड़ी के कामकाज उद्योग के साथ उनका संबंध और भी मजबूत हो रहा है। एक्शन टेसा के प्रबंध निदेशक अजय अग्रवाल ने इस अवसर पर विडियो मैसेज के द्वारा संबोधित किया कि कारपेंटर्स इंजीनियर्ड लकड़ी उद्योग की रीढ़ हैं और उनकी कुशलता और रचनात्मकता के प्रति आभार प्रकट किया टेसा-सलाम का अर्थ सम्मान की अभिव्यक्ति है, टेसा सलाम पहल का उद्देश्य कारपेंटर्स की स्थिति को ऊंचा उठाना और उनके कठिन परिश्रम और कारीगरी को पहचान दिलाना है, जिससे उद्योग में उनकी भूमिका और अधिक स्पष्ट और मूल्यवान हो सके।



## एसपी डॉ. ख्याति गर्ग का फरधान थाने पर औचक निरीक्षण

# महिला सुरक्षा और साफ-सफाई पर विशेष जोर देने का निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिस कार्यप्रणाली की गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस अधीक्षक डा. ख्याति गर्ग ने थाना फरधान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का गहन भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, बैरक, मेस, कंप्यूटर कक्ष एवं मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों और रजिस्टरों के रखरखाव की स्थिति देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अभिलेख अद्यावधिक और व्यवस्थित रखे जाएं, ताकि किसी भी समय आवश्यक सूचनाएं तत्काल उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान महिला अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई और गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। मिशन शक्ति केंद्र की समीक्षा करते हुए एसपी ने महिला पुलिसकर्मियों और महिला रिक्रूट आरक्षियों को फरियादियों के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाली प्रत्येक महिला की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त किसी भी सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए मौके पर पुलिस टीम भेजने और शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने भोजनालय में स्वच्छता बनाए रखने, पंखा, लाइट और इन्वर्टर जैसी आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने तथा पूरे परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। इसके साथ ही रिक्रूट आरक्षियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

एसपी ने अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि क्षेत्र में नियमित और प्रभावी गश्त की जाए, ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके और आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हो। उनके निरीक्षण से थाना स्टाफ में सक्रियता दिखाई दी और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की कवायद तेज हो गई।

# लगातार दूसरे दिन गोला तहसील का प्रदेश में जलवा

- आईजीआरएस के बाद अब धारा-24 सीमांकन वादों में भी नंबर-1

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।**



लखीमपुर खीरी की तहसील गोला ने लगातार दूसरे दिन प्रदेश स्तर पर अपनी कार्यक्षमता का लोहा मनवाया है। बीते दिवस आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद अब धारा-24 के अंतर्गत सीमांकन वादों के निस्तारण में भी गोला तहसील ने उत्तर प्रदेश में नंबर-1 रैंक हासिल की है। लगातार दो बड़ी उपलब्धियां मिलने से तहसील प्रशासन और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की जारी रिपोर्ट में गोला तहसील को धारा-24 के लंबित सीमांकन वादों के निस्तारण में शीर्ष स्थान मिला है। रिपोर्ट के अनुसार तहसील में 90 दिन से अधिक अवधि के कोई भी सीमांकन वाद लंबित नहीं पाए गए, जिसके चलते गोला तहसील को 'ए' श्रेणी में रखते हुए प्रदेश में पहला स्थान दिया गया।

एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी के नेतृत्व में तहसील प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग और समयबद्ध सुनवाई के जरिए लंबित मामलों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

यही कारण है कि पहले आईजीआरएस और अब धारा-24 की रैंकिंग में भी गोला तहसील ने प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

तहसील प्रशासन द्वारा पुराने और लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया गया। राजस्व कर्मियों, कानूनगो और लेखपालों की टीम ने गांव-गांव जाकर सीमांकन संबंधी विवादों के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रशासन की इस कार्यशैली से आम लोगों को राहत मिल रही है और भूमि विवादों के मामलों में तेजी से समाधान हो रहा है।

लगातार दो दिनों में दो बड़ी प्रदेश स्तरीय उपलब्धियां मिलने से गोला तहसील प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील में कार्यों की नियमित समीक्षा और अधिकारियों की सक्रियता का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने इस सफलता का श्रेय पूरी तहसील टीम को देते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। आगे भी इसी तरह बेहतर कार्य करते हुए गोला तहसील को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने का प्रयास जारी रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### समाजसेवी रमाशंकर निषाद बने अग्नि पीड़ितों का सहारा, बांटी राहत सामग्री



**निघासन-खीरी।** तहसील क्षेत्र के मुन्ना पुरवा और बंगलहा राज गांव में लगी भीषण आग से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए समाजसेवी रमाशंकर निषाद आगे आए। आगजनी की इस घटना में मुन्ना पुरवा के करीब 41 घर तथा बंगलहा राज के 12 घर जलकर राख हो गए, जिससे दर्जनों परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया। बताया जाता है कि आग लगने से घरों में रखा खाद्यान्न, कपड़े, बर्तन समेत अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जल गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी रमाशंकर निषाद अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों का हालचाल जाना। उन्होंने मुन्ना पुरवा के 41 तथा बंगलहा राज के 12 अग्नि पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री सहित आवश्यक राहत सामग्री वितरित कर सहायता पहुंचाई। राहत सामग्री मिलने के बाद पीड़ित परिवारों के चेहरों पर राहत दिखाई दी। ग्रामीणों ने रमाशंकर निषाद के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए उनका आभार जताया। क्षेत्र में उनके इस सहयोगात्मक प्रयास की व्यापक चर्चा हो रही है।

### फरधान पुलिस और स्वाट टीम की बड़ी कार्रवाई 10 किलो गांजा संग दो तस्कर गिरफ्तार



**फरधान-खीरी।** थाना फरधान पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 10 किलो अवैध गांजा और एक बुलेट बाइक बरामद की है। बरामद गांजे की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। सीओ मितौली यादवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक राजू राव और स्वाट टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाइक से गांजे की खेप ले जाई जा रही है। सूचना पर शनिवार देर रात कालाडूंड नहर पुल के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक बुलेट बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई। उनके पास मौजूद काले बैग से 10 किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विवेक तिवारी निवासी सलेमपुर कोन, कोतवाली सदर लखीमपुर तथा शिवा अवस्थी निवासी चैनपुरवा मजरा अजयपुर थाना तंबौर जिला सीतापुर के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि दोनों रिश्तेदार हैं और गांजे की तस्करी में शामिल थे। पुलिस के अनुसार विवेक तिवारी पर सीतापुर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है तथा उस पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी राजू राव, उप निरीक्षक जुनैद खां, उप निरीक्षक अरुण कुमार गिरि, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल गोविंद कुमार तथा स्वाट प्रभारी जय प्रकाश यादव शामिल रहे।

### सोशल ऑडिट चयन में 'खेल' का आरोप, रिश्वत नहीं देने पर काटा नाम

**बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ की सोशल ऑडिट टीम सदस्य चयन प्रक्रिया (2026-28) अब विवादों के घेरे में आ गई है। चयन प्रक्रिया में रिश्वतखोरी, अनुभव की अनदेखी और मानदेय रोकने जैसे गंभीर आरोप सामने आने के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। ब्लॉक क्षेत्र के अनुभवी सोशल ऑडिट सदस्य सुंदर लाल पुत्र राम भरोसे ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि चयन प्रक्रिया में खुलेआम धन उगाही की जा रही है। पैसा न देने पर वर्षों से कार्य कर रहे अनुभवी लोगों के नाम सूची से बाहर कर दिए गए, जबकि नए और अनुभवहीन लोगों को पैनल में जगह दे दी गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सोशल ऑडिट टीम चयन प्रक्रिया में अवैध धन की मांग की गई। कहा गया कि जो पैसा देगा उसी का नाम सूची में रखा जाएगा। रिश्वत न देने पर उनका नाम पैनल से हटा दिया गया।

# महाराणा प्रताप जयंती पर गूंजे जयघोष

- राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने किया माल्यार्पण

**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी-खीरी।**



वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह की जयंती पर शनिवार को मोहम्मदी नगर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान विधायक एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शुक्लापुर पुवायां मोड़ पहुंचकर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता और महाराणा प्रताप के जयघोष से गूंज उठा।

शनिवार सुबह करीब 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप महरोत्रा उर्फ कन्हैया, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, इंद्रजीत सिंह, आनंद कुमार भदौरिया, सुशील वर्मा, पवन बाजपेई, सोनू सिंह और अनिल कुमार शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी मातृभूमि और सम्मान से कभी समझौता नहीं किया। आज युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने 'भारत माता की जय ', 'महाराणा प्रताप अमर रहें' और 'वंदे मातरम्' के नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत, भाई घायल

**समृद्धि न्यूज़, मितौली-खीरी।** मैगलगंज थाना क्षेत्र की फत्तेपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम महजीतपुर में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। घर में समरसेबल डालने के दौरान पाइप हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार ग्राम महजीतपुर निवासी 20 वर्षीय सुमित पाल पुत्र नीलकंठ अपने भाई के साथ घर में लगे हैंडपंप में समरसेबल डालने के लिए पाइप निकाल रहा था। इसी दौरान लोहे का पाइप घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया।

### तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर 10 फीट गहरी खाई में पलटी, युवक गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, पसगवां (खीरी)।** कोतवाली पसगवां क्षेत्र में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार हरदोई जिले के पिहानी थाना क्षेत्र के कुल्हौरा वाजिद नगर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र रामेश्वर शनिवार सुबह अपनी बाइक से किसी काम से नयागांव किशोरी की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 11:30 बजे जब वह पसगवां क्षेत्र के ग्राम नवादा के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज गति में आ रही बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि प्रमोद कुमार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में उनका एक पैर टूट गया, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। वहीं टक्कर के बाद बोलेरो चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और गाड़ी सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई। बोलेरो के पलटते ही आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायल प्रमोद कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे के समय बोलेरो काफी तेज रफ्तार में थी। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो नंदी निवासी राजीव पुत्र माधव की बताई जा रही है।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्री श्री चैतन्य महाप्रभु महानाम संकीर्तन, 48 घंटे गूंजेगा हरिनाम

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया, खीरी।**



उचौलिया क्षेत्र के मोहनपुर ग्रंट स्थित बंगाली कॉलोनी में शनिवार से भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्म का अनूठा संगम शुरू हो गया। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्री श्री चैतन्य महाप्रभु महानाम संकीर्तन महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं और श्रद्धालुओं ने शारदा नहर से कलश में जल भरकर पूरे गांव की परिक्रमा की और बाद में भगवान को जल अर्पित किया। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र हरिनाम संकीर्तन और जयघोष से भक्तिमय बना रहा।

उचौलिया थाना क्षेत्र की मोहनपुर बंगाली कॉलोनी नंबर 1, 2 और 3 में आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम चार दिनों तक चलेगा। आयोजन समिति के अनुसार शनिवार सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली गई, जबकि रात्रि 8 बजे विधिवत उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद रविवार सुबह 6 बजे से अखंड महानाम संकीर्तन प्रारंभ होगा, जो लगातार 48 घंटे यानी सोलह प्रहर तक चलता रहेगा। सोमवार को भी दिन-रात संकीर्तन की गूंज बनी रहेगी। मंगलवार सुबह 6 बजे महायज्ञ का समापन होगा, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में दूर-दराज क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि महानाम संकीर्तन का उद्देश्य समाज में भक्ति, शांति और आपसी सौहार्द का संदेश देना है। आयोजन समिति ने क्षेत्रीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। समिति में गौरांग सिंह अध्यक्ष, भीम मंडल उपाध्यक्ष, डॉ. नितिन राय सचिव, डॉ. हीरालाल उपसचिव, शंकर राय सभापति, विष्णुपद मंडल संचालक, श्याम प्रसाद कैशियर तथा मनीष मुखर्जी और पवन राय प्रबंधक के रूप में व्यवस्था संभाल रहे हैं। समिति का कहना है कि श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि सभी भक्तजन भक्ति रस में सराबोर होकर कार्यक्रम का आनंद ले सकें।

## न्यू एंजिल्स स्कूल में मातृ दिवस पर विविध कार्यक्रम हुए संपन्न

- वृद्धाश्रम महुली में वृद्ध महिलाओं को वस्त्र आदि भेंट किया गया




**समृद्धि न्यूज प्रतापगढ़।** मातृ दिवस के अवसर पर न्यू एन्जिल्स विद्यालय के सभागार में प्री प्राइमरी, प्राइमरी, जूनियर और सीनियर विंग के छात्र छात्राओं द्वारा सभी मातृ शक्तियों को नमन, वंदन और अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर प्री प्राइमरी की धानवी, शानवी,ज्ञानवी, आसिफ़, दृष्टि, फ़ातिमा, वेदांश, पीहू, आयत, अयांश, रेयांश आदि ने मंच पर मोहक प्रस्तुतियो से सभी को आकर्षित किया। प्राइमरी विंग की अदितिशर्मा, अदिति सिंह, शुभम, श्रीजिता, विराट, राध्या,यशी, प्रत्यक्षा,अवनी, आराध्या ने मां पर क्लासरू एक्टिविटी में बढ़चढ़ कर भाग लिया।कक्षा 6 से कक्षा 9 तक के छात्र छात्राओं ने आर्ट एन्ड क्राफ्ट में भाग लिया।इज़्ना, मानस, तर्श, वेदांश, प्रज्ञा, आराध्या, हुमैरा और सनाया आदि ने कविता पाठ किया।

### महाराणा प्रताप की जयंती पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद ने किया सेवा कार्य

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद प्रतापगढ़ द्वारा जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह की अगुवाई में कई सेवा कार्यक्रमों का आयोजन कर जयंती को श्रद्धा और सेवा भाव से मनाया गया।कार्य क्रम की शुरुआत सदर चौराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसमें विनय प्रताप सिंह बब्बू, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, इंजीनियर जेबी सिंह, विनोद कुमार सिंह प्रबंध निदेशक बीएसएस एकेडमी फुलवारी,रबी सिंह गोबरी, डॉ विशाल सिंह जिला अध्यक्ष कौशांबी, प्रेस क्लब अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, चीफ मैनेजर बजाज एलियांज धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अमित सिंह रज्जू भैया रहे।

## महराजगंज में प्रतिबंधित दवाओं की खेप पकड़ी गई, एक गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** पुलिस ने सक्रिय ड्रग तस्करों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एक कामयाबी हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीमों ने पनियरा क्षेत्र के गिरगिटियां में छापेमारी कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया। इस दौरान 3584 कैप्सूल डिक्सीक्लोमाइन हाइड्रोक्लोराइड, टरामंडोल हाइड्रोक्लोराइड, एसीटामाइनोफेन व 1800 एम्पुल टरमाडोल इंजेक्शन बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी यह धंधा दो साल से करता था और अपने घर से प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करता था। गिरफ्तार आरोपी अल्ताफ अहमद (57) ग्राम गिरगिटियां का ही रहने वाला है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी



कि उसने प्रतिबंधित दवाओं का भण्डारण किया है और उसकी अवैध रूप से बिक्री करता है। उसके द्वारा यह कार्य पिछले दो साल से किया जा रहा था। बरामद दवाओं की भारतीय बाजार में कीमत लाखों में बताई जा रही है और इसकी उपलब्धता बहुत कठिन होती है। जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करोड़ रुपये तक बताई जा रही है।

# सीमावती क्षेत्र पहुंचे डीएम-एसपी, सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति देखी

**समृद्धि न्यूज़**



**महराजगंज।** डीएम गौरव सिंह सोगरवाल व एसपी शक्ति मोहन अवस्थी ने शनिवार को सोनौली सीमा का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति देखी। सुरक्षा बलों की ड्यूटी प्रणाली देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी करने का निर्देश दिया। दोनों अधिकारियों ने आईसीपी परिसर सहित सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर संबंधित एजेंसियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिया। सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन प्रबंधन, चेकिंग प्रणाली, दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया एवं कानून-व्यवस्था की गहन समीक्षा की। साथ ही सीमा पार आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की निगरानी व्यवस्था को परखा। एसएसबी एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें नियमित एवं प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित करने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी अवांछनीय गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। सभी एजेंसियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए लगातार सक्रिय रहने को कहा। इस मौके पर एसडीएम नौतनवा नवीन प्रसाद, कस्टम अधीक्षक सुधीर कुमार, सहायक सेनानायक सेफवान एन., कोतवाल महेंद्र कुमार मिश्रा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

**इंडिया गेट के पास व्यापारियों ने किया स्वागत**

इस मौके पर इंडिया गेट के पास व्यापारियों ने दोनों अधिकारियों का स्वागत किया। नेपाल कस्टम द्वारा 100 रुपये पर भंसार को लेकर उत्पन्न समस्या बताई और कहा इसके लगने से सीमा एरिया का बाजार प्रभावित हुआ है।

**जल्द पूर्ण होगा चेक पोस्ट**

जिलाधिकारी ने इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पहुंचकर वहां अधिकारियों से इसके जल्द निर्माण को लेकर बातचीत की। चेक पोस्ट निर्माण कर रहे अधिकारियों ने कहा कि चेक पोस्ट के फर्स्ट और सेकंड फेज के काम के बाद इस इस महीने कभी भी थर्ड फेज का काम शुरू होगा। नवंबर में चेकपोस्ट बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं नेपाल के बेलहिया में 88 एकड़ में बन रहा चेक पोस्ट 90 फीसदी पूरा हो गया है। सोनौली में बन रहे चेक पोस्ट का एरिया 129 एकड़ और 447 करोड़ का बजट है। थर्ड फेज में नेपाल-भारत चेक पोस्ट की रोड कनेक्टिविटी और दो पुलों का निर्माण, 200 ट्रकों की पार्किंग, एसएसबी क्वार्टर, कस्टम, एसएसबी, इमीग्रेशन, प्लांट कोरेन्टाइन, लैंड पोर्ट के कार्यालय, एक डिस्पेंसरी, 4 वाच टावर, फायर स्टेशन, बेयर हाउस एक्सपोर्ट का निर्माण होना है।

## हीटवेव से बचाव के लिए रेडक्रास सोसाइटी सक्रिय, जागरूकता अभियान

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज**




रेडक्रास दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के लोगों ने नवागत डीएम गौरव सिंह सोगरवाल से मुलाकात की। इस दौरान हीटवेव से बचाव के लिए सक्रियता दिखाते हुए सोसाइटी ने जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा की। डीएम के हस्ताक्षर से प्रचार-प्रसार के लिए दो तरह के पोस्टर सार्वजनिक जगहों पर लगाने का निर्णय लिया गया ताकि छोटे बच्चों व लोगों को हीटवेव से बचाने के प्रति जागरूक किया जा सके।

**सोसाइटी की योजना पर चर्चा**

सभापति सैफुल्लाह खान ने डीएम से सोसाइटी की इस योजना के बारे में चर्चा की। डीएम ने कहा कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से सामाजिक सरोकारों के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बच्चों को हीटवेव से बचाने के लिए जागरूकता अभियान एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि जनपद में किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा, अग्निकांड, बाढ़ ग्रस्त स्थानों पर सहायता की जरूरत पड़ती है तो रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने इस जागरूकता अभियान को बेहतर तरीके से चलाने को कहा। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी महराजगंज के सभापति मोहम्मद सैफुल्लाह खान, वाइस चेयरमैन राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सचिव डॉ. कृष्णा साहनी, कोषाध्यक्ष डॉ. सलीम खान, आजीवन सदस्य सीजे थामस, डॉ. ठाकुर भरत श्रीवास्तव, डॉ. इजहारूल हक, डॉ. राकेश राय व डॉ. शाहबाज खान आदि मौजूद रहे।